# दैनिक लोकतंत्र की आवाज

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज बिहार से प्रकाशित संपूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश में प्रसारित!

Digital Daily News Paper R.N.I. 68041/93 सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा, शुक्रवार 12 जून 2026 ● वर्ष : 04 अंक : 1092




## संक्षिप्त खबरें ।

### ओमान में जहाज पर अटैक से गुस्से में भारत, US राजनयिक को तुरंत बुलाया, अमेरिका बोला - 'हम इंडिया के...



लोक तंत्र की आवाज़

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** ओमान तट पर एक कमर्शियल जहाज पर हमले की भारत सरकार ने कड़ी निंदा की और अमेरिकभारतीय विदेश मंत्रालय ने की हमले की निंदा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बुधवार (10 जून) को बताया कि ओमान तट के पास एक कमर्शियल जहाज पर हुए हमले के बाद जहाज पर सवार 24 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है, जबकि तीन भारतीय अब भी लापता हैं और उनकी तलाश जारी है. विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, 'हम ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत 'सेटेबेलो' पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं।

**जहाजों पर हमले को बताया चिंताजनक:** मंत्रालय ने कहा कि 'क्षेत्र में जहाजों पर लगातार हो रहे हमले बेहद चिंताजनक हैं और यह वहां जारी संघर्ष का सीधा परिणाम हैं.' बयान में कहा गया, 'हम सभी पक्षों से तत्काल तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान के लिए जारी बातचीत को सफल बनाने की अपील करते हैं,जिससे क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल हो सके. कमर्शियल जहाजों और नागरिक ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं तुरंत बंद होनी चाहिए और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत समुद्री मार्गों पर निर्बाध आवाजाही और व्यापार बहाल किया जाना चाहिए।इससे पहले ओमान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी थी कि ओमान तट के पास एक जहाज से जुड़ी घटना की सूचना मिली है. दूतावास ने कहा कि वह स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और स्थानीय अधिकारियों के साथ संपर्क में है।

गौरतलब है कि सोमवार (8 जून) को भी पालाऊ फ्लैग वाले जहाज एमटी मैरिवेक्स में आग लगने की घटना के बाद उस पर सवार 24 भारतीय नाविकों को सुरक्षित बचा लिया गया था. यह घटना होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिण में हुई थी. मंगलवार (9 जून) को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया था कि एमटी मैरिवेक्स ओमान तट के पास निष्क्रिय हो गया था. जहाज पर मौजूद सभी 24 चालक दल के सदस्य भारतीय नागरिक थे और सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया. उन्होंने इस बचाव अभियान में सहयोग के लिए ओमान सरकार का आभार भी व्यक्त किया।

# अमेरिकी कंपनी ने भारत से समेटा अपना कारोबार, 250 लोगों की गई नौकरी, CEO ने बताई वजह

लोक तंत्र की आवाज़

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** अमेरिका की दिग्गज रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी कंपनी 'ओपनडोर' (Opendoor) ने भारत में अपना पूरा कामकाज बंद करने का ऐलान किया है. इस फैसले से कंपनी के भारतीय दफ्तरों में काम करने वाले करीब 250 कर्मचारियों की नौकरी एक झटके में चली गई है. कंपनी के सीईओ काज नेजतियन ने इस छंटनी के पीछे की वजह बताते हुए कहा है कि उनके ग्राहक अमेरिका में हैं, इसलिए कंपनी का ऑपरेशनल कामकाज भी ग्राहकों के करीब ही होना चाहिए. इसके अलावा, तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के बढ़ते इस्तेमाल ने भी विदेशों में काम आउटसोर्स करने की जरूरत को काफी कम कर दिया है

**क्यों लिया गया इतना बड़ा फैसला ?:** सीईओ काज नेजतियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (X) पर कर्मचारियों को भेजा गया एक नोट साझा किया. इस नोट में उन्होंने साफ तौर पर लिखा है कि कंपनी का मुख्य बाजार अमेरिका है. ऐसे में जो टीम उन्हें सेवाएं दे रही है, उसका अमेरिका में होना ही व्यापार के लिहाज से ज्यादा सही है. पिछले कुछ महीनों से कंपनी धीरे-धीरे अपनी कई भूमिकाओं को वापस अमेरिका शिफ्ट कर रही थी. अब भारत में पूरी तरह से कामकाज समेट कर इस बदलाव को अंतिम रूप दे दिया गया है।




### AI तकनीक ने छीना इंसानी रोजगार

नौकरी जाने की इस खबर का सीधा असर सिर्फ इन 250 लोगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आगे के रोजगार बाजार के लिए एक सख्त संकेत भी है. कंपनी ने भारत में एक बड़ी टीम इसलिए बनाई थी ताकि अलग-अलग सिस्टम के बीच होने वाले मैनुअल काम (हाथ से होने वाले काम) को भारत से संभाला जा सके. लेकिन अब तकनीक में हुए बड़े सुधारों के कारण कई प्रक्रियाएं ऑटोमेटेड हो गई हैं. अमेरिका में ही एआई (AI) से लैस छोटी टीमों ने वह काम आसानी से करना शुरू कर दिया है, जिसके लिए पहले विदेशों में बड़ी संख्या में लोगों की जरूरत पड़ती थी।

**कर्मचारियों के प्रदर्शन पर नहीं उठे सवाल:** यह छंटनी किसी भी तरह से भारतीय टीम के खराब काम का नतीजा नहीं है. सीईओ ने खुद इस बात पर जोर दिया है कि भारत के कर्मचारी बेहद प्रतिभाशाली हैं. उन्होंने भारतीय टीम के योगदान की तारीफ की और भरोसा जताया कि ये पेशेवर किसी भी अन्य संस्थान के लिए मूल्यवान साबित होंगे. फिलहाल, नौकरी गंवाने वाले सभी कर्मचारियों को कंपनी की तरफ से हर संभव मदद दी जा रही है. उन्हें सेवरेंस पैकेज (मुआवजा) के साथ-साथ नई नौकरी ढूंढने में आउटप्लेसमेंट सर्विस जैसी सुविधाएं मिलेंगी. कामकाज को अमेरिका शिफ्ट करने की इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूरा करने के लिए कुछ कर्मचारी अस्थाई रूप से काम करते रहेंगे।

अमेरिका की दिग्गज रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी कंपनी 'ओपनडोर' (Opendoor) ने भारत में अपना पूरा कामकाज बंद करने का ऐलान किया है. इस फैसले से कंपनी के भारतीय दफ्तरों में काम करने वाले करीब 250 कर्मचारियों की नौकरी एक झटके में चली गई है. कंपनी के सीईओ काज नेजतियन ने इस छंटनी के पीछे की वजह बताते हुए कहा है कि उनके ग्राहक अमेरिका में हैं, इसलिए कंपनी का ऑपरेशनल कामकाज भी ग्राहकों के करीब ही होना चाहिए।

**क्यों लिया गया इतना बड़ा फैसला ?:** सीईओ काज नेजतियन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (X) पर कर्मचारियों को भेजा गया एक नोट साझा किया. इस नोट में उन्होंने साफ तौर पर लिखा है कि कंपनी का मुख्य बाजार अमेरिका है. ऐसे में जो टीम उन्हें सेवाएं दे रही है।

# बंगाल की राजनीति में नया मोड़: TMC की महुआ मोइत्रा ने शुभेंदु अधिकारी की तारीफ की

लोक तंत्र की आवाज़



**नईदिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति में चल रही उथल-पुथल के बीच तृणमूल कांग्रेस (TMC) की नेता महुआ मोइत्रा का एक ताजा बयान काफी चर्चा में आ गया है।पार्टी के भीतर बगावत और इस्तीफों की खबरों के बीच महुआ ने विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी की तारीफ की है, जिससे सियासी गलियारों में नई बहस शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि वह शुभेंदु अधिकारी का सम्मान करती हैं क्योंकि उन्होंने पार्टी छोड़ने का फैसला पूरी ईमानदारी और साफ तरीके से लिया था।

**शुभेंदु का तरीका साफ और पारदर्शी था:** महुआ मोइत्रा ने एक इंटरव्यू में कहा कि शुभेंदु अधिकारी के साथ उनके व्यक्तिगत रिश्ते हमेशा अच्छे रहे हैं, हालांकि टीएमसी छोड़ने के बाद से दोनों के बीच कोई बातचीत नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि अगर किसी नेता को पार्टी की लीडरशिप से कोई परेशानी थी, तो उसे चुनाव से पहले ही अपना रुख साफ कर लेना चाहिए था।शुभेंदु ने अपनी असहमति को कभी छुपाया नहीं और खुलकर अपना अलग रास्ता चुना। महुआ के मुताबिक, यह एक बेहद "साफ और पारदर्शी तरीका" था, जिसका वह आदर करती हैं।

**टीएमसी में बगावत के दावों को नकारा:** पार्टी में बड़े पैमाने पर टूट और सांसदों के बागी होने के दावों को महुआ मोइत्रा ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अफवाह उड़ा रहे हैं कि बहुत से सांसद पार्टी से अलग हो गए हैं, लेकिन इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है।महुआ के अनुसार, अगर सच में इतनी बड़ी राजनीतिक टूट हुई होती, तो अब तक कानूनी दस्तावेज और आधिकारिक घोषणाएं सामने आ चुकी होतीं।उन्होंने याद दिलाया कि दलबदल कानून के तहत किसी भी गुट को अलग मान्यता लेने के लिए एक तय संख्या और कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है।

**पार्टी के लिए बताया 'शुद्धिकरण' का दौर :** टीएमसी के मौजूदा हालातों पर बात करते हुए महुआ ने इसे एक तरह से पार्टी का "शुद्धिकरण" (सफाई) करार दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी हमेशा अपने नेताओं के साथ खड़ी रहीं और उन पर भरोसा किया, लेकिन कुछ लोगों ने उस वफादारी और भरोसे का गलत फायदा उठाया।

# क्या 'कॉकरोच' हो सकता है चुनाव चिह्न?

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** सोशल मीडिया पर इन दिनों 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) को लेकर खूब चर्चा हो रही है, जिसने अब एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। जंतर-मंतर पर हुए एक हालिया प्रदर्शन के बाद लोग यह सवाल उठाने लगे हैं कि यदि आगे चलकर यह संगठन एक असली राजनीतिक पार्टी बनता है, तो क्या चुनाव आयोग इसे इसके नाम के मुताबिक 'कॉकरोच' (तिलचट्टा) चुनाव चिह्न दे सकता है? आइए जानते हैं कि इस पर देश के चुनावी नियम क्या कहते हैं।

**फिलहाल राजनीतिक दल नहीं है CJP :** आपको बता दें कि CJP अभी कोई रजिस्टर्ड राजनीतिक पार्टी नहीं है। यह खुद को युवाओं का एक 'प्रेशर ग्रुप' (दबाव समूह) कहती है। प्रेशर ग्रुप का काम चुनाव लड़ना नहीं,




बल्कि सरकार की नीतियों और फैसलों पर जनता की आवाज उठाना होता है। लेकिन सोशल मीडिया पर इसके बढ़ते प्रभाव को देखकर यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि भविष्य में इसे एक राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत कराया जा सकता है।

**कैसे मिलता है नई पार्टी को चुनाव चिह्न? :** भारत में किसी भी पार्टी को चुनाव चिह्न देने का काम भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission) करता है। इसके लिए "इलेक्शन सिंबल्स (रिजर्वेशन एंड अलॉटमेंट) ऑर्डर, 1968" के कड़े नियम बने हुए हैं। देश की बड़ी और मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय या क्षेत्रीय पार्टियों के पास अपने फिक्स यानी आरक्षित चुनाव चिह्न होते हैं (जैसे बीजेपी का कमल या कांग्रेस का हाथ)।वहीं, नई या गैर-मान्यता प्राप्त पार्टियों को चुनाव आयोग द्वारा जारी की गई 'फ्री सिंबल्स' (मुक्त चुनाव चिह्न) की एक लिस्ट में से ही कोई एक सिंबल चुनना होता है।

**क्या अपनी पसंद का सिंबल मिलना पक्का होता है ? :** नियमों के मुताबिक, कोई भी नई पार्टी अपनी मर्जी से कोई भी सिंबल नहीं ले सकती। पार्टियां चुनाव आयोग के सामने अपनी पसंद के कुछ विकल्प रख जरूर सकती हैं, लेकिन अंतिम फैसला पूरी तरह से चुनाव आयोग का ही होता है। आयोग जो सिंबल अलॉट करेगा, पार्टी को उसी के साथ चुनाव में जाना पड़ता है।

**क्या CJP को मिल पाएगा 'कॉकरोच' का निशान?:** चुनाव आयोग के मौजूदा रुख को देखते हुए 'कॉकरोच' चुनाव चिह्न मिलने की उम्मीद न के बराबर है।इसका मुख्य कारण यह है कि पिछले कुछ दशकों से चुनाव आयोग ने जीव-जंतुओं या जानवरों के नाम पर नए चुनाव चिह्न देना लगभग बंद कर दिया है।पुराने समय में आवंटित किए गए कुछ सिंबल (जैसे बसपा का हाथी) आज भी जारी हैं, लेकिन अब आयोग घरेलू सामान, फल-सब्जियों या निर्जीव चीजों को ही चुनाव चिह्न के रूप में प्राथमिकता देता है। 'कॉकरोच जनता पार्टी' की शुरुआत सोशल मीडिया पर एक व्यंग्य और विरोध प्रदर्शन के रूप में हुई थी।कुछ युवाओं ने इस अनोखे नाम के साथ एक ऑनलाइन मुहिम चलाई, जो देखते ही देखते वायरल हो गई।

# कांग्रेस में कौन कर रहा है मेरे खिलाफ बातें, सब पता है', INDIA बैठक में अखिलेश के बयान से बढ़ी हलचल

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियाकी हालिया बैठक के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव की एक टिप्पणी ने राजनीतिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी है। अपनी स्पष्टवादिता और बेबाक शैली के लिए पहचाने जाने वाले अखिलेश ने बातचीत के दौरान ऐसा संकेत दिया, जिसने कांग्रेस नेताओं को सोचने पर मजबूर कर दिया। बताया जा रहा है कि दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित गठबंधन की महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं से अनौपचारिक चर्चा के दौरान ऐसी बात कही, जिसके बाद पार्टी के भीतर कई तरह की अटकलें शुरू हो गईं।



सूत्रों के मुताबिक बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि उन्हें पूरी जानकारी है कि कांग्रेस के भीतर कौन-कौन से लोग उनके और समाजवादी पार्टी के खिलाफ लगातार बयानबाजी कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने किसी नेता का नाम नहीं लिया, लेकिन उनके इस बयान ने वहां मौजूद कांग्रेस नेताओं को असहज जरूर कर दिया। कई नेता यह समझने की कोशिश करते रहे कि आखिर उनका संकेत किस व्यक्ति या समूह की ओर था। अखिलेश के इस बयान की सबसे दिलचस्प बात यह रही कि उन्होंने आरोप तो लगाए, लेकिन किसी का नाम सार्वजनिक नहीं किया। यही वजह है कि कांग्रेस के भीतर अलग-अलग स्तर पर इस बात को लेकर चर्चाएं शुरू हो गईं। कुछ नेताओं का मानना है कि यह टिप्पणी उत्तर प्रदेश कांग्रेस के उन नेताओं की ओर इशारा हो सकती है, जो समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की रणनीति को लेकर असहमति जताते रहे हैं।

राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस के कई क्षेत्रीय और वरिष्ठ नेता निजी बैठकों में अक्सर इस बात को उठाते रहे हैं कि समाजवादी पार्टी के साथ लगातार चुनावी तालमेल कांग्रेस की स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को कमजोर कर रहा है। उनका तर्क है कि गठबंधन की राजनीति के कारण राज्य में पार्टी का पारंपरिक वोट बैंक और संगठनात्मक ढांचा प्रभावित हुआ है।

# गौरव गोगोई ने BJP को घेरा, TMC संकट पर दिया बड़ा बयान

लोक तंत्र की आवाज़

**नईदिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों में करारी हार के बाद से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (TMC) के भीतर मची भगदड़ और गहराती जा रही है। पार्टी के सांसदों और विधायकों की खुली बगावत के बीच अब इस्तीफों की झड़ी लग गई है। इस बड़े सियासी संकट पर अब देश के अन्य विपक्षी दलों की भी प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने टीएमसी के इस मुश्किल दौर के लिए सीधे तौर पर भारतीय जनता पार्टी (BJP) को जिम्मेदार ठहराया है। गोगोई ने बीजेपी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह जनता की सेवा करने के बजाय सिर्फ सत्ता हथियाने के हथकंडे अपना रही है।



**बीजेपी पर लगाया लोकतंत्र को कमजोर करने का आरोप:** कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने राजधानी दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बीजेपी राजनीतिक लाभ हासिल करने के लिए लोकतंत्र को लगातार कमजोर कर रही है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि जब तक बीजेपी का यह रवैया रहेगा, तब तक देश की बुनियादी समस्याओं का समाधान नहीं हो पाएगा। गोगोई के अनुसार, बंगाल के चुनाव नतीजों के बाद अब वहां बीजेपी को जनता की भलाई के लिए काम करना चाहिए था, लेकिन वह अपने चुनावी घोषणापत्र के वादों को भूलकर केवल विपक्षी दलों को तोड़ने और सत्ता पर पूरी तरह कब्जा करने की रणनीति में व्यस्त है।

### बागी विधायक रिताब्रत का बढ़ा कुनबा

दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल विधानसभा में भी ममता बनर्जी की पकड़ कमजोर होती जा रही है। पार्टी से निष्कासित और वर्तमान में विधानसभा में मुख्य विपक्षी गुट के नेता बने विधायक रिताब्रत बनर्जी का कुनबा लगातार बड़ा होता जा रहा है। रिताब्रत बनर्जी के साथ बागी विधायकों की संख्या अब 58 से बढ़कर 64 तक पहुंच गई है। रिताब्रत ने दावा किया है कि आने वाले दिनों में ममता कैंप के कई और विधायक उनके साथ आकर जुड़ेंगे। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि यदि टीएमसी के भीतर बगावत की यही रफ्तार रही, तो बंगाल की राजनीति में ममता बनर्जी के लिए अपनी जमीन बचाए रखना एक बहुत बड़ी चुनौती बन जाएगा।

**तीन राज्यसभा सांसदों के इस्तीफे से बढ़ी हलचल :** गौरव गोगोई ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि लोकतंत्र को किनारे रखकर सत्ता हासिल करने की बीजेपी की यह राजनीति देश के भविष्य के लिए बेहद खतरनाक संकेत है। कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय आया है जब टीएमसी के भीतर का असंतोष पूरी तरह सड़कों और संसद तक पहुंच चुका है। इसी सिलसिले में राज्यसभा सांसद प्रकाश चिक बराइक ने उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनसे ठीक पहले सुखेंदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव जैसे दिग्गज नेता भी संसद और पार्टी छोड़ चुके हैं। एक के बाद एक हुए इन तीन बड़े इस्तीफों के बाद राज्यसभा में टीएमसी के सांसदों की संख्या घटकर केवल 10 रह गई है, और सूत्रों की मानें तो अगले एक हफ्ते में तीन और सांसद पाला बदल सकते हैं।

**लोकसभा में भी बड़ी टूट की तैयारी, एनडीए को समर्थन का दावा:** टीएमसी के लिए सिर्फ राज्यसभा या विधानसभा ही नहीं, बल्कि लोकसभा में भी स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी है। खबरें आ रही हैं कि लोकसभा में टीएमसी के कुल 28 सांसदों में से 19 सांसद ममता बनर्जी का साथ छोड़कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) को समर्थन देने की तैयारी कर रहे हैं।

# पटना जिला प्रशासन की कड़ी निगरानी में 21 जून को होगी नीट यूजी 2026 पुनर्परीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता विनोद प्रसाद पटना।** नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को लेकर बिहार की राजधानी पटना में जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सभी जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के लिए फुलप्रूफ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

परीक्षा की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस.एम. और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बुधवार को उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुविधा,




यातायात प्रबंधन और निगरानी तंत्र की विस्तार से समीक्षा की गई। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए 21 जून को पूरे पटना में कोचिंग संस्थानों को एहतियातन बंद रखने का आदेश दिया गया है। उक्त परीक्षा में जिले के 95 केन्द्रों पर 46029 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को कदाचारमुक्त और सफल बनाने के लिए किसी भी तरह की कोताही पर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी।अफवाहों और भ्रामक जानकारी फैलाने वालों को रोकने के लिए प्रशासन ने सोशल मीडिया पर 24/7 निगरानी का तंत्र विकसित किया है। किसी भी स्तर पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के दिन लगातार क्षेत्र में गश्त करने के लिए कहा गया है। परीक्षा में पारदर्शिता बनी रहे, इसके लिए कड़ी सुरक्षा की व्यापक व्यवस्था की गई है। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने छात्रों के लिए कई विशेष सुविधाएं सुनिश्चित की हैं।

# अडाणी ग्रुप समेत 6 नामी कंपनियों पर मध्यप्रदेश में प्राथमिकी दर्ज, परमिट भी हो सकता है रद्द

लोक तंत्र की आवाज़

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश में नियमों को ठेंगा दिखाकर काम करने वाली नामी कंपनियों पर गाज गिरी है। सिंगरौली जिले में जिला प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखाना देश के बड़े औद्योगिक घराने अडाणी ग्रुप समेत देश की अन्य नामचीन कंपनियों को भारी पड़ गया है। सिंगरौली कलेक्टर गौरव बैनल ने प्रतिबंधित समय में नियमों को ताक पर रखकर कोयला परिवहन करने के मामले में अडाणी एंटरप्राइजेज और अडाणी लॉजिस्टिक्स समेत कई नामी कंपनियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के साख्त आदेश जारी किए गए हैं।



**नियम ताक पर रखकर सड़कों पर दौड़ रहे कंपनियों के वाहन:** सिंगरौली जिले में कानून व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा 23 मई की सुबह 6 बजे से 24 मई की दोपहर 12 बजे तक सड़क मार्ग से फ्लाई ऐश और कोयला परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई थी।

**धड़ल्ले से चल रहा था परिवहन:** प्रशासनिक आदेश के बावजूद अडाणी एंटरप्राइजेज, अडानी लॉजिस्टिक्स, एपीएमडीसी और टीएचडीसी जैसी रसूखदार कंपनियों से जुड़े कोयले से लदे भारी वाहन प्रतिबंधित अवधि में भी सरई और बरगवां क्षेत्र की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ते पाए गए। जांच में जो खुलासा हुआ है उसने जिला प्रशासन को भी चौंका दिया। प्रतिबंधित समय के दौरान इन कंपनियों के चार बड़े कोयला वाहन सरई, झुरही और उज्जैनी मार्ग से होते हुए बरगवां तहसील के मझौली रेलवे साइडिंग तक पहुंच गए थे। प्रशासन के मुताबिक, इन भारी वाहनों ने कोयले का अवैध परिवहन किया। जो सीधे तौर पर जिला कलेक्टर के आदेशों की खुली अवहेलना और उल्लंघन था।

# ओमान में एक और जहाज पर हमला, MT जलवीर में आग, शिप पर भारतीय फंसे, 3 दिन में तीसरा अटैक

लोक तंत्र की आवाज़

**प्रबंध संपादक शैलेश कुमार द्वारा नईदिल्ली।** ओमान के शिनास बंदरगाह के पास जहाज एमटी जलवीर (MT Jalveer) भी हमले का शिकार हुआ है. रिपोर्टों के मुताबिक, इस जहाज पर 20 भारतीय नागरिक सवार हैं. MT जलवीर के इंजन में आग लगने की खबर है. MT जलवीर के क्रू ने जारी SOS मैसेज जारी किया है. सामने आई तस्वीरों में समुद्र के बीच शिप एमटी जलवीर को जलते हुए देखा जा सकता है. इस घटना की जानकारी मिलने के बाद संबंधित अधिकारी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं।



भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर बताया है कि उन्हें गुरुवार (11 जून) को शिनास बंदरगाह के पास एक वेसल से संबंधित घटना की सूचना मिली है. मामले की गंभीरता को देखते हुए स्थिति की लगातार निगरानी की जा रही है. बयान के मुताबिक घटना के बारे में और जानकारी के लिए स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है. फिलहाल घटना के कारणों और संभावित प्रभावों को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की गई है। ओमान तट के पास बुधवार को भी एक कमर्शियल जहाज पर हमला होने की बात सामने आई थी. इस जहाज पर कुल 28 लोग सवार थे. इनमें से 24 भारतीय थे. हमले के बाद से 3 भारतीय लापता बताए जा रहे हैं, जबकि 21 भारतीय नागरिकों को सफलतापूर्वक बचा लिया गया है. बता दें कि ये घटना 10 जून की है. भारत ने इस हमले की कड़ी निंदा की है. इस हमले में लापता तीन भारतीयों में से 2 के शव मिलने की जानकारी भी सामने आ गई है.

सेटेबेलो शिप पर भी हुआ हमलाबता दें कि ये हमला सेटेबेलो नाम के जहाज पर किया गया था. विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जहाज पर मौजूद 24 भारतीय क्रू सदस्यों में से अब तक 21 भारतीयों को बचा लिया गया. मंत्रालय ने कहा कि ओमान में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है और बचाव अभियान में ओमान के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहा है। रॉयटर्स ने ब्रिटिश मैरीटाइम सिक्योरिटी ग्रुप एम्ब्रे के हवाले से बताया कि यह शायद ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी करने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन का नतीजा है.

# कर्नलगंज में दिल दहला देने वाला हादसा: घायलों को बचाने दौड़े लोगों पर चढ़ी तेज रफ्तार SUV, अब तक 5 की मौत, 4 घायल

लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**कर्नलगंज, गोण्डा।** इंसानियत का फर्ज निभाना पांच लोगों को भारी पड़ गया। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के गोंडा-लखनऊ हाईवे स्थित भलियनपुरवा नारायणपुर मोड़ पर बुधवार रात हुए दर्दनाक हादसे में अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से सूर्यवंशम पुरवा में मातम पसरा है।



**पहले बाइक टकराई, फिर टूटा मौत का कहर:** प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9 बजे भलियन पुरवा नारायणपुर मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आवाज सुनकर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े और घायलों को उठाने लगे।इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार एसयूवी अनियंत्रित होकर भीड़ में घुस गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि लोग कई फीट दूर जा गिरे। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

**मौके पर 4 की मौत, 5वें ने रास्ते में तोड़ा दम:** ग्रामीणों ने तुरंत 108 एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को सीएचसी कर्नलगंज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर घायल 10 वर्षीय अंशुमान को लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में मरने वालों की संख्या 5 हो गई है।हादसे में मृतकों के नाम गुलशन 25 वर्ष पुत्र शत्रोहन, निवासी सूर्यवंशम पुरवा, नारायणपुर मांझा, संजय कुमार तिवारी 37 वर्ष पुत्र कृष्णपाल तिवारी, निवासी तरहटा, हसन मोहम्मद 40 वर्ष पुत्र हैदर अली, निवासी भलियन पुरवा नारायणपुर मांझा, इम्तियाज अली 27 वर्ष पुत्र हैदर अली, निवासी भलियनपुरवा नारायणपुर मांझा, अंशुमान 10 वर्ष पुत्र शत्रोहन, निवासी सूर्यवंशम पुरवा नारायणपुर मांझा शामिल हैं।घायलों में अलताफ 22 वर्ष पुत्र हैदर अली, तबरेज आलम 19 वर्ष पुत्र हुसैन अली, विनय प्रताप सिंह उर्फ शनी सिंह 26 वर्ष पुत्र संजय सिंह निवासी करुआ, और परवेज 17 वर्ष पुत्र हसन अली, सभी निवासी सूर्यवंशम पुरवा नारायणपुर मांझा बताये जाते हैं। इनमें से दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**एक्सयूवी कब्जे में, मालिक व चालक हिरासत में:** हादसे की सूचना मिलते ही कर्नलगंज पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे में शामिल दिल्ली नंबर की एक्सयूवी गाड़ी को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने वाहन मालिक करनैलगंज निवासी शोएब और ड्राइवर आबिद को हिरासत में ले लिया है।दोनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**विधायक-ASP पहुंचे अस्पताल:** हादसे की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक अजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गोंडा व सहायक पुलिस अधीक्षक अभिषेक दवाच्या ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की और हर संभव सहायता का भरोसा दिया।

**गांवों में पसरा मातम, अंतिम संस्कार तक डटी रही पुलिस:** एक साथ पांच मौतों की खबर से नारायणपुर मांझा और तरहटा गांव में कोहराम मच गया। एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से सूर्यवंशम पुरवा में चूल्हे तक नहीं जले। कर्नलगंज पुलिस ने पांचों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। सभी मृतकों का अंतिम संस्कार दोपहर बाद तक होने तक कर्नलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मुस्तैदी से डटे रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिजनों को मुआवजा और घायलों का बेहतर इलाज कराने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।प्रथम दृष्टया हादसे की वजह तेज रफ्तार व एसयूवी चालक की लापरवाही मानी जा रही है।

## देवबंद पहुंचे सांसद एवं संसद मार्ग मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी,ने दारुल उलूम की शैक्षिक और शोध गतिविधियों की सराहना

लोक तंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** रामपुर लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के सांसद एवं नई दिल्ली स्थित संसद मार्ग मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने बुधवार को विश्व प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान दारुल उलूम देवबंद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारियों और उलेमा से मुलाकात कर देश के वर्तमान सामाजिक, धार्मिक और राष्ट्रीय परिदृश्य पर विस्तृत चर्चा की।

दारुल उलूम पहुंचने पर मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने संस्थान के मेहमानखाने में नायब मोहतमिम मौलाना अब्दुल खालिक मद्रासी से भेंट की। मुलाकात के दौरान मौलाना मद्रासी ने उन्हें दारुल उलूम में दी जा रही धार्मिक एवं आधुनिक शिक्षा, विद्यार्थियों के रहन-सहन, अनुशासन तथा संस्थान की विभिन्न शैक्षिक व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।

इसके उपरांत सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने मौलाना अरशद मदनी से उनके आवास पर मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों के अलावा देश के वर्तमान हालात पर गंभीर और विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बातचीत में समाज में सौहार्द शिक्षा के प्रसार तथा राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने जैसे विषय पर भी चर्चा की गई



अपने दौरे के दौरान मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने दारुल उलूम परिसर का भ्रमण किया और संस्थान में चल रहे विभिन्न विकास एवं शैक्षिक कार्यों का अवलोकन किया उन्होंने निर्माणाधीन आधुनिक पुस्तकालय ऐतिहासिक मस्जिद रशीदिया तथा संस्थान की पुरानी लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया पुरानी लाइब्रेरी में संरक्षित दुर्लभ एवं ऐतिहासिक पुस्तकों के संरक्षण और व्यवस्थित संग्रहण व्यवस्था को देखकर उन्होंने संतोष व्यक्त किया तथा इसकी सराहना की। सांसद ने कहा कि यह स्थान केवल धार्मिक शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है बल्कि ज्ञान अनुसंधान और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से देश और समाज की भी सेवा कर रहा है उन्होंने संस्था की ऐतिहासिक सेवाओं और शैक्षिक योगदान की प्रशंसा करते हुए इसके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर दारुल उलूम के विभिन्न विभागों के जिम्मेदार पदाधिकारी उलेमा और अन्य लोग भी उपस्थित रहे दौरा सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ

## संक्षिप्त खबरें ।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था की बैठक



लोकतंत्र की आवाज
ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता
हरदोई। आज जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद सभागार में आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बैठक सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मोहर्रम के अवसर पर सभी आयोजन परंपरागत एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को जुलूस मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, बैरिकेडिंग तथा आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए साथ ही विद्युत विभाग को ढीले तारों एवं अन्य संभावित खतरों को समय से दूर करने के लिए कहा गया। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि मोहर्रम के दौरान संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा सोशल मीडिया पर भी सतत निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को देने की अपील की। बैठक में उपस्थित ताजियादारों एवं धर्मगुरुओं ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा पर्व को आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा



लोकतंत्र की आवाज
ललित गुप्ता संवाददाता
हरदोई। पुलिस अधीक्षक हरदोई के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बघौली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है ।पुलिस के अनुसार थाना बघौली में पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 0438/2025, धारा 137(2), 87, 64(2)(ड) बीएनएस तथा 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अभियुक्त अजीत पुत्र स्वर्गीय सुरेश की तलाश की जा रही थी। अभियुक्त का मूल निवास ग्राम मगरौली थाना बिलग्राम जनपद हरदोई है, जबकि वर्तमान में वह अदिलापुर मजरा भेलावां थाना बघौली क्षेत्र में रह रहा था ।गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर थाना बघौली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त अजीत (21 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राकेश कुमार यादव, कांस्टेबल असलम अली तथा रिजर्व कांस्टेबल लवकुश राजपूत शामिल रहे ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### युवक को बंधक बनाकर लोहे की रॉड से पीटा, हालत गंभीर; आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस

लोक तंत्र की अवाज़
रत्ना
लखनऊ। बीबीडी इलाका स्थित बीसीसी शक्ति अपार्टमेंट में युवक को वहीं रहने वाले युवकों ने बंधक बनाकर पीटा। पीड़ित के पिता ने अपार्टमेंट में रहने वाले एक युवक और उसके साथियों पर बंधक बनाकर पीटने, मोबाइल तोड़ने और जान से मारने की धमकी देने की तहरीर स्थानीय थाने में दी। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तिवारीगंज स्थित बीसीसी शक्ति अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर-814 निवासी पंकज यादव के मुताबिक, सात जून की रात उनका बेटा मयंक दैनिक उपयोग का सामान लेकर लिफ्ट से ऊपर जा रहा था। इसी दौरान फ्लैट नंबर-401 में रहने वाले विपिन कुमार सिंह अपने साथियों अनुराग मिश्रा, अभि ठाकुर और राज मिश्रा के साथ वहां पहुंचे और उनके बेटे को धक्का दे दिया।

### लाखों की लागत से बना अमृत सरोवर सूखा, पानी के लिए भटक रहे पशु-पक्षी



लोकतंत्र की आवाज
ललित गुप्ता संवाददाता
हरदोई। सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना का उद्देश्य जल संरक्षण, भू-जल स्तर में सुधार और पशु-पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराना है, लेकिन विकासखंड अहिरोरी की ग्राम सभा महीन कुण्ड में यह योजना अपने उद्देश्य से भटकती नजर आ रही है। यहां लाखों रुपये की लागत से निर्मित अमृत सरोवर पूरी तरह सूखा पड़ा है, जिससे भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है ।ग्रामीणों के अनुसार सरोवर के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए, लेकिन वर्तमान में तालाब में पानी का नामोनिशान नहीं है। जून माह की प्रचंड गर्मी के बीच तालाब में धूल उड़ रही है और पशु-पक्षी प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। इससे सरकारी योजना की उपयोगिता और रखरखाव व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए जलाशयों का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल संचयन, भू-जल स्तर को बनाए रखना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट को कम करना है। साथ ही गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करना भी इसका प्रमुख लक्ष्य है। लेकिन महीन कुण्ड का अमृत सरोवर जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते अपनी बदहाली की कहानी बयां कर रहा है ।ग्रामीणों का कहना है कि सरोवर में समय रहते पानी भरवाने की कोई व्यवस्था नहीं की गई, जिसके चलते यह पूरी तरह सूख गया। भीषण गर्मी में जहां लोगों को पानी की अधिक आवश्यकता पड़ रही है, वहीं पशु-पक्षियों के सामने पेयजल का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अहिरोरी ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी और आवश्यक कदम उठाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। वहीं ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी ।ग्रामीणों ने प्रशासन से अमृत सरोवर में शीघ्र जलभराव कराने और इसके नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि योजना का लाभ धरातल पर दिखाई दे सके।

## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे हुई स्टार एवं भूमि विवाद संदर्भो की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरोचीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानंद सभागार में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में 01 मई से 31 मई 2026 तक स्टार एवं भूमि विवाद संदर्भो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई ।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्टार संदर्भ से संबंधित सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त संदर्भों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।



उन्होंने कार्य मे शिथिलता बरतने पर एसडीओ सिंचाई को कारण बताओ नोटिस जारी करने निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर देवेश मिश्रा, पुलिस विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शिवम गुप्ता**
**हरदोई।** आज स्वामी विवेकानंद सभागार, विकास भवन, हरदोई में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती नेहा व्याडवाल की अध्यक्षता में जनपद के पर्यटन स्थलों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटक सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण संबंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई ।बैठक में जनपद के प्रमुख ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक महत्व के पर्यटन स्थलों पर उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था, संकेतक बोर्ड, पार्किंग एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए ।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र जनपद की आर्थिक उन्नति, स्थानीय रोजगार सृजन तथा सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण का महत्वपूर्ण माध्यम है। पर्यटन स्थलों के समुचित विकास एवं सौंदर्यीकरण से स्थानीय लोगों को स्वरोजगार एवं रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे तथा जनपद की विशिष्ट पहचान को व्यापक स्तर पर स्थापित करने में सहायता मिलेगी।



बैठक में पर्यटन विभाग की प्रगति आख्या के अनुसार जनपद में विभिन्न पर्यटन विकास परियोजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। इनमें चतुर्भुज भगवान मंदिर, संत तुलाराम बाबा देव स्थान, वाणेश्वर महादेव मंदिर, जंगली बाबा मंदिर, कुशीनाथ मंदिर, शीतला माता मंदिर एवं नुमाइश चौराहा सहित विभिन्न स्थलों पर पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य संचालित हैं। कई परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा शेष परियोजनाओं में तीव्र गति से कार्य कराया जा रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा पर्यटन स्थलों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं समग्र विकास हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने पर्यटकों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत नियमित निरीक्षण, प्रभावी निगरानी तथा विभागीय समन्वय को और अधिक सुदृढ़ किए जाने पर बल दिया ।बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी श्री दीपांकर चौधरी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जमानत तस्दीक में रिश्वत मांगने का आरोप, अधिवक्ता ने उठाए प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल

लोक तंत्र की आवाज

**असद सिद्दीकी**
**देवबंद।** वरिष्ठ अधिवक्ता रामकिशन सैनी ने रामपुर तहसील प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि जमानत तस्दीक की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी और कथित भ्रष्टाचार के कारण एक व्यक्ति को बिना वजह जेल में रहना पड़ रहा है।

उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। रामकिशन सैनी के अनुसार, उनके मुवक्किल की जमानत से संबंधित तस्दीक के दस्तावेज 5 जून 2026 को रामपुर तहसीलदार कार्यालय में जमा करा दिए गए थे। आरोप है कि जमानत से जुड़े कागजातों की तस्दीक करने के एवज में संबंधित कर्मचारियों द्वारा पांच हजार रुपये की मांग की गई। उन्होंने कहा कि यह मांग पूरी न होने के कारण जमानत सत्यापन की प्रक्रिया लंबित रखी गई, जिससे उनके मुवक्किल को अनावश्यक रूप से जेल में रहना पड़ रहा है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में रामपुर के उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को भी शिकायत दी थी और मामले से अवगत कराया था हालांकि उनके अनुसार शिकायत के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर उदासीनता बरते जाने से न्यायिक प्रक्रिया प्रभावित हो रही है और एक नागरिक के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा हे रामकिशन सैनी ने कहा की वर्तमान समय में अधिकांश सरकारी अभिलेख एवं दस्तावेज ऑनलाइन उपलब्ध है और सत्यापन की प्रक्रिया भी काफी हद तक डिजिटल हो चुकी है इसके बावजूद जांच और तज़्दीक के नाम पर देरी तथा कथित रिश्वतखोरी की शिकायतें सामने आना चिंताजनक है ।उन्होंने कहा कि यह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह लगता हे बल्कि आम नागरिक के विश्वास को भी कमजोर करता है उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए तथा यदि किसी कर्मचारी की भूमिका भ्रष्टाचार या लापरवाही में पाई जाती है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।



## कर्नलगंज: 12 घंटे बिजली कट, 'फीडर ठीक हो रहा' कहकर टरकाते रहे कर्मचारी, ई-मेल से मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज

**करीम खान**
**कर्नलगंज, गोण्डा।** भीषण गर्मी में 12 घंटे से ज्यादा बिजली गुल रहने और विभागीय लापरवाही से आजिज आकर मोहल्ला बालूगंज के एक नागरिक ने बुधवार रात ही विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को ई-मेल भेज दिया। शिकायत में लाइनमैन के ड्यूटी से नदारद होने का आरोप लगते ही विभाग में हड़कंप मच गया। अफसर अब जांच की बात कह रहे हैं।

**5 बजे गई लाइट, रातभर नहीं लौटी:** पीड़ित शिव शंकर भट्ट ने भेजे ई-मेल में बताया कि 10 जून 2026 को शाम करीब 5 बजे से मोहल्ला बालूगंज की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। पावर हाउस कर्नलगंज के मोबाइल नंबर पर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई। हर बार कर्मचारियों ने यही आश्वासन दिया कि "फीडर में खराबी है, टीम लगी है, जल्द आपूर्ति बहाल हो जाएगी।"

■ **बालूगंज में रातभर गुल रही बिजली: लाइनमैन ड्यूटी छोड़ घर भागा**

**लाइनमैन काम छोड़कर घर चला गया:** आरोप है कि देर रात तक जब बिजली नहीं आई तो दोबारा फोन किया गया। इस बार बताया गया कि नाइट ड्यूटी पर तैनात लाइनमैन बिना मरम्मत किए ही घर चला गया है। अब काम गुरुवार सुबह होगा। नतीजा, भीषण गर्मी और उमस में पूरे मोहल्ले ने रात जागकर काटी। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई।

**ई-मेल, X और व्हाट्सएप पर शिकायत:** विभागीय टालमटोल से नाराज शिव शंकर भट्ट ने बुधवार रात ही उच्चाधिकारियों को विस्तृत ई-मेल भेजकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X और व्हाट्सएप के जरिए भी विभाग के अन्य अधिकारियों को मामले से अवगत कराया। शिकायत में दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई और भविष्य में ऐसी लापरवाही रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी करने की मांग की गई है।

**विभाग में मची हलचल:** ई-मेल बम फूटते ही विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार सुबह से ही अधिकारी मामले की पड़ताल में जुट गए हैं। SDO कर्नलगंज ने कहा कि "शिकायत मिली है। जांच कराई जा रही है। लापरवाही सामने आने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई होगी। उपभोक्ताओं को असुविधा के लिए खेद है।"

**स्थानीय लोगों में आक्रोश:** मोहल्लेवासियों का कहना है कि गर्मी में बिजली कटौती आम बात हो गई है। शिकायत करो तो सिर्फ आश्वासन मिलता है। रात में फॉल्ट हो जाए तो लाइनमैन फोन तक नहीं उठाते। लोगों ने चेतावनी दी कि अगर व्यवस्था नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि शासन के निर्देश हैं कि शहरी क्षेत्र में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति अनिवार्य है।

## बिजनौर मनोरंजन या मौत का जाल - स्योहारा नुमाइश में सुरक्षा मानकों पर उठते बड़े सवाल

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट मुकेश सिंह**
**बिजनौर।** अभी बीती 30 अप्रैल को चांदपुर के मेले में एक मां की चीख ने पूरे जिले को दहला दिया था। 17 साल का फैज अपने दोस्तों के साथ हंसता-खेलता मेले में नाव वाले झूले पर बैठा, लेकिन झूला संचालक की कथित लापरवाही और सुरक्षा रॉड न होने के कारण वह 25 फीट की ऊंचाई से सिर के बल नीचे आ गिरा। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी सांसें थम गईं। चांदपुर का यह घाव अभी भरा भी नहीं था कि अब स्योहारा में भी नुमाइश का आगाज हो चुका है, जहां बड़े-बड़े झूले हवा से बातें कर रहे हैं। सवाल यह उठता है कि क्या स्योहारा का स्थानीय प्रशासन और मेला प्रबंधन चांदपुर की उस दर्दनाक मौत से कोई सबक ले रहा है, या फिर यहां भी किसी बड़ी अनहोनी और मासूम की जान जाने का इंतजार किया जा रहा है?

**किसी भी सार्वजनिक मेले या:** नुमाइश के आयोजन के लिए सख्त कानूनी और तकनीकी नियम तय हैं। लेकिन अक्सर देखा जाता है कि चंद रुपयों के मुनाफे और प्रशासनिक साठगांठ के खेल में इन नियमों को ताक पर रख दिया जाता है। एक सुरक्षित मेले के लिए निम्नलिखित विभागों की एनओसी और मानकों का पालन अनिवार्य है:

मैकेनिकल और फिटनेस सर्टिफिकेट (झूलों की जांच) मेले में लगने वाले हर छोटे-बड़े झूले का लोक निर्माण विभाग के मैकेनिकल इंजीनियर द्वारा बकायदा निरीक्षण होना चाहिए। झूले के लोहे की मजबूती, नट बोल्ट, और गियर बॉक्स की फिटनेस का लिखित प्रमाण पत्र जरूरी है। क्या स्योहारा नुमाइश में चल रहे इन गगनचुंबी झूलों का मैकेनिकल टेस्ट हुआ है? क्या इनके पास फिटनेस सर्टिफिकेट है?

चांदपुर हादसे में सबसे बड़ी लापरवाही यह सामने आई कि झूले में सेफ्टी रॉड नहीं थी। नियम के मुताबिक, हर ऊंचे झूले में डबल लॉकिंग सिस्टम या सेफ्टी बेल्ट होना अनिवार्य है ताकि तेज रफ्तार या झटका लगने पर भी कोई बाहर न गिर सके। क्या स्योहारा के झूलों में और ऑपरेटरों ने सुरक्षा रॉड बेल्ट सुनिश्चित की है? मेले में सैकड़ों दुकानें होती हैं, जहां गैस सिलेंडर और बिजली के नंगे तारों का जाल फैला होता है। ऐसे में फायर ब्रिगेड से एनओसी लेना और हर 50 मीटर पर अग्निशमन यंत्र व पानी/रेत की व्यवस्था होना अनिवार्य है।

## उत्तराखंड की सीमाओं से बिजनौर मंडावली की सड़कों पर ओवरलोड डंपरों का राज, प्रशासन मौन

लोकतंत्र की आवाज

**रिपोर्ट पायल कुमारी**
**बिजनौर।** उत्तराखंड की सीमा से उत्तर प्रदेश में प्रवेश करते ही थाना मंडावली क्षेत्र में ओवरलोड और ओवरहाइट डंपरों का संचालन इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हरिद्वार-नजीबाबाद मार्ग पर रेत-बजरी से लदे भारी वाहन दिन-रात बेखौफ दौड़ रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। सबसे हैरानी की बात यह है कि ग्राम भागूवाला स्थित स्वामी अवधेशानंद पुलिस चौकी और वन विभाग चौकी के सामने से भी भारी वाहन लगातार गुजर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि नियमों के अनुरूप परिवहन हो रहा है तो स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए और यदि नियमों का उल्लंघन हो रहा है तो कार्रवाई क्यों नहीं हो रही वर्तमान में भागूवाला क्षेत्र में नहर पुलिया निर्माण कार्य जारी है, जिसके कारण सड़क का एक हिस्सा ही यातायात के लिए उपलब्ध है। ऐसे में ओवरलोड और तेज रफ्तार डंपरों का संचालन कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। ग्रामीणों का कहनाहै कि सड़क पर चलना तक मुश्किल हो गया है और हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है। क्षेत्र में यह भी चर्चा है कि खनन कारोबार से जुड़े कुछ वाहन संचालकों ने आपसी सूचना तंत्र विकसित कर रखा है। सूत्रों के अनुसार मोबाइल ग्रुपों और वॉइस मैसेज के माध्यम से वाहनों को चेकिंग और अधिकारियों की गतिविधियों की जानकारी तत्काल पहुंचाई जाती है। चर्चा है कि जैसे ही किसी अधिकारी या चेकिंग टीम के क्षेत्र में आने की सूचना मिलती है, कुछ समय के लिए वाहन रुक जाते हैं और बाद में फिर संचालन शुरू हो जाता है। हालांकि इन चचाओं की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन स्थानीय लोग इसकी निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर खनन विभाग, एआरटीओ, आरटीओ, परिवहन विभाग और स्थानीय पुलिस प्रशासन की भूमिका क्या है? मोटर वाहन अधिनियम के तहत ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद यदि भारी वाहन लगातार सड़कों पर दौड़ रहे हैं तो जनता के मन में सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से बनी सड़कें भारी वाहनों के दबाव से समय से पहले टूटने लगी हैं। इससे सरकारी धन का नुकसान होने के साथ-साथ आम जनता को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी बिजनौर, पुलिस अधीक्षक बिजनौर, खनन अधिकारी, एआरटीओ और शासन स्तर के अधिकारियों से मांग की है कि उत्तराखंड सीमा से लेकर मंडावली क्षेत्र तक विशेष संयुक्त अभियान चलाकर ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों की जांच की जाए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



■ **बिजनौर दिन-रात दौड़ रहे अवैध खनन के पट्टे से रेत-बजरी से लदे ओवरलोड वाहन,जिम्मेदार विभाग मोटी कमाई करके चुप्प**

## संक्षिप्त खबरें ।

### मछुआ सोसाइटी परिसर में राजद जिला कमिटी ने मनाई लालू प्रसाद यादव का 79 वां जन्मदिन



लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज। राष्ट्रीय जनता दल जिला कमिटी साहिबगंज के जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव की अगुवाई में गुरुवार को शहर के मछुआ सोसाइटी परिसर में राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव का 79 वां जन्मदिन बड़े ही धूमधाम तरीके से मनाया। इस मौके पर राजद कार्यकर्ताओं ने केक काटकर लालू प्रसाद यादव का जन्मदिन मनाया और उनके दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष ने कहा कि लालू प्रसाद यादव शुरू से ही पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग, दलित, गरीब असहाय लोगों के लिए कई कार्य किए हैं जहां उनके 79 वां जन्मदिन पर साहिबगंज राजद जिला कमिटी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर सादगी पूर्ण माहौल में जन्मदिन मनाया है। इस मौके पर राजद जिलाध्यक्ष सत्यनारायण यादव, प्रदेश सचिव मुन्ना यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय प्रसाद यादव, दिलीप मंडल, राजद कार्यकर्ता ओमप्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश चौधरी, संतोष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### साहेबगंज में वृद्धजनों के लिए सहायता एवं सुविधा केंद्र शुरू



लोकतंत्र की आवाज़
साहेबगंज। वृद्ध नागरिकों को त्वरित कानूनी सहायता, शिकायत निवारण एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), साहेबगंज द्वारा 'वृद्धजन सहायता एवं सुविधा केंद्र' की स्थापना की गई है। यह पहल झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष अखिल कुमार के मार्गदर्शन में की गई है। नालसा की जागृति योजना–2025 के तहत शुरू किए गए इन केंद्रों का शुभारंभ साहेबगंज वृद्धा आश्रम एवं प्रखंड कार्यालय में किया गया। डीएलएसए सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि केंद्र के माध्यम से वृद्धजनों को नि:शुल्क विधिक सलाह, विवाद निवारण, दस्तावेजी सहायता तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### शिवगादी की सड़कें रात को रोशनी से चमकेगी, श्रावणी मेला की तैयारी शुरू




लोकतंत्र की आवाज़
साहिबगंज/बरहेट। श्रावणी मेला पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए तैयारी शुरू कर दी गई है । आगामी मासव्यापी श्रावणी मेला की शुरुआत होने से पहले शिवगादी – बरहेट मुख्य सड़क रात को सोलर लाइट की रोशनी से जगमग करेगी । झामुमो केंद्रीय सचिव व प्रवक्ता पंकज मिश्रा के पहल पर इस योजना को शुरू किया गया है । प्रबंध समिति के अध्यक्ष रूपक साह ने बताया कि जीपीएस टेक्नोलॉजी पर आधारित 40 वाट का एलइडी सोलर लाइट मंदिर , मेला क्षेत्र के अलावे सड़क किनारे लगाया जा रहा है । बताया कि करीबन 500 से ज्यादा सोलर लाइट लगाने का काम चल रहा है । इससे श्रावणी मेला से पहले पूरा कर लिया जाएगा । यह योजना कार्य संवेदक हारा धन इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड कर रहा है । इधर , बाबा नगरी मुख्य सड़क पर एलईडी लाइट लगाए जाने से आसपास के गांव के लोगों में काफी उत्साह है ।

### लालू प्रसाद के 79वें जन्मदिन पर राजद नेताओं ने मजार पर चादरपोशी कर मांगी दीर्घायु की दुआ



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर/नवगछिया।गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव के 79वें जन्मदिन के अवसर पर बिहार विधान परिषद सदस्य मोहम्मद कारी शोएब एवं राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने पटना हाईकोर्ट स्थित ऐतिहासिक मजार पर चादरपोशी कर उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की दुआ मांगी। इसके बाद दोनों नेताओं ने राबड़ी आवास पहुंचकर लालू प्रसाद से मुलाकात की और उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि लालू प्रसाद केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, साम्प्रदायिक सद्भाव और गरीब–गुरबों की आवाज के प्रतीक हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में वंचितों, शोषितों, किसानों, मजदूरों और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। कार्यक्रम में युवा राजद के प्रदेश महासचिव गुड्डू जी, विक्रांत जी, मनीष जी, आकिब खान, अजमल और शाहरुख सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 225 संबद्ध महाविद्यालयों के साथ वादा या विश्वासघात अनुदान की फाइलें धूल फांक रहीं, हजारों शिक्षक और कर्मचारी संकट में

लोकतंत्र की आवाज




■ सरकार ने अनुदान, पारदर्शिता और स्थायी समाधान के किए थे बड़े दावे, लेकिन वर्षों बाद भी 225 संबद्ध कॉलेजों के शिक्षक-कर्मचारी राहत की प्रतीक्षा में

रामजी कुमार
**पटना।** बिहार में उच्च शिक्षा के विस्तार को लेकर सरकार लगातार नए डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना और शैक्षणिक ढांचे को मजबूत करने के दावे कर रही है। लेकिन इन दावों के समानांतर एक ऐसा सवाल भी खड़ा है, जिसका जवाब वर्षों से नहीं मिल पाया है। राज्य के 225 संबद्ध डिग्री महाविद्यालय आज भी अनुदान और वित्तीय स्थिरता की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इन संस्थानों से जुड़े हजारों शिक्षक और कर्मचारी आर्थिक असुरक्षा के बीच जीवन यापन करने को विवश हैं।

शिक्षक संगठनों का कहना है कि सरकार ने पहले परीक्षा परिणामों के आधार पर दो वित्तीय वर्षों का अनुदान उपलब्ध कराया था। इसके बाद राज्य के सभी संबद्ध महाविद्यालयों को एकमुश्त एक करोड़ रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की गई। उस समय इसे उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया गया था। हालांकि, वर्षों बीत जाने के बाद भी यह घोषणा धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो सकी।

तत्कालीन शिक्षा सचिव असंगबा चुबा आओ द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में अनुदान वितरण को पारदर्शी बनाने की बात कही गई थी। शिक्षकों और कर्मचारियों के खातों में सीधे आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से भुगतान, प्रत्येक महाविद्यालय की वेबसाइट का निर्माण, वेतन संबंधी सूचनाओं का सार्वजनिक प्रदर्शन तथा अनुदान प्रक्रिया के डिजिटलीकरण के लिए विशेष पोर्टल विकसित करने जैसी व्यवस्थाओं का खाका तैयार किया गया था। लेकिन इन घोषणाओं का अपेक्षित परिणाम आज तक दिखाई नहीं देता।

इस बीच, कई संबद्ध महाविद्यालय वित्तीय संकट से जूझ रहे हैं। शिक्षकों का कहना है कि बढ़ती महंगाई और आर्थिक दबाव के बीच नियमित वित्तीय सहायता का अभाव उनकी स्थिति को और कठिन बना रहा है। उनका आरोप है कि वर्षों से केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं, जबकि समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।

दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी आर. के. राय ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई थी, जिसे संबद्ध महाविद्यालयों की समस्याओं का स्थायी समाधान तलाशने का दायित्व सौंपा गया था। लेकिन चुनाव के बाद समिति की रिपोर्ट और उसकी अनुशंसाओं को लेकर कोई सार्वजनिक जानकारी सामने नहीं आई।

यह मामला केवल शिक्षक संगठनों तक सीमित नहीं रहा। मुख्यमंत्री के जनता दरबार से लेकर बिहार विधान परिषद तक इस विषय पर चर्चा हो चुकी है। जदयू के विधान पार्षद संजीव कुमार सिंह ने भी सदन में यह मुद्दा उठाया था। उस समय तत्कालीन शिक्षा मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके, संबद्ध महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याएं आज भी यथावत बनी हुई हैं। शिक्षक नेताओं का तर्क है कि यदि सरकार वास्तव में उच्च शिक्षा को मजबूत करना चाहती है, तो उसे पहले उन संस्थानों को सशक्त बनाना होगा जो दशकों से लाखों विद्यार्थियों को शिक्षा उपलब्ध करा रहे हैं। उनका कहना है कि पुराने संस्थानों को वित्तीय संकट में छोड़कर नए डिग्री कॉलेज खोलने की नीति कई सवाल खड़े करती है।

सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि जब सरकार स्वयं अनुदान नीति बना चुकी है, दिशा-निर्देश जारी कर चुकी है और विधानमंडल में आश्वासन भी दे चुकी है, तब 225 संबद्ध महाविद्यालयों के हजारों शिक्षक और कर्मचारी अपने अधिकार से जुड़ी राशि के लिए अब भी प्रतीक्षा क्यों कर रहे हैं? अब उच्च शिक्षा जगत की निगाहें सरकार के अगले कदम पर टिकी हैं। शिक्षक संगठनों ने मांग की है कि मुख्य सचिव समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए, लंबित अनुदान का भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा संबद्ध महाविद्यालयों के लिए स्थायी वित्तीय नीति घोषित की जाए।

जब तक इन सवालों के जवाब नहीं मिलते, तब तक यह बहस जारी रहेगी कि 225 संबद्ध महाविद्यालयों के साथ किए गए वादे आखिर विकास की प्रतिबद्धता थे या फिर अधूरे आश्वासनों की एक लंबी कहानी। यदि सरकार उच्च शिक्षा को प्राथमिकता मानती है, तो 225 संबद्ध महाविद्यालयों के हजारों शिक्षक-कर्मचारी आज भी अपने अधिकारों और अनुदान के लिए प्रतीक्षा क्यों कर रहे हैं?

## पूर्व शिक्षक एवं पूर्व सैनिक की पुण्य तिथि मनाई गई



लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
**पीरपैंती।** पीरपैंती,प्रखंड के ईशीपुर निवासी हाई स्कूल के शिक्षक व पूर्व सैनिक रहे धर्मपाल पोद्दार की 17 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। वे हिंदुस्तान अखबार के वरिष्ठ पत्रकार अच्युत पोद्दार के पिता थे।जबकि इस अवसर पर विधायक मुरारी पासवान, बीडीओ अभिमन्यु कुमार,सीओ चंद्रशेखर कुमार ,मनोज साह, राजेश पोद्दार, राजीव रंजन पोद्दार सहित क्षेत्र के गणमान्य पुरुष ,महिलाओं ने भी सर्वप्रथम उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी।लोगों ने उनके ब्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला तथा कहा कि वे सभी विषयों के ज्ञाता थे तथा जीवन भर शिक्षा से ही उनका लगाव रहा है।वे एक चर्चित शिक्षक थे। समाज एवं क्षेत्र में दिए योगदान को कभी भुलाया जा सकता।इस अवसर पर पूजा पाठ एवं सत्संग का भी आयोजन किया गया।

## बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने की तैयारी

लोकतंत्र की आवाज़



**साहिबगंज ।** झामुमो द्वारा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को साहिबगंज टाउन हॉल में एक महत्वपूर्ण कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर झामुमो जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस सम्मेलन में पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता विनोद पांडे,केंद्रीय सचिव एवं प्रवक्ता पंकज मिश्रा,राजमहल विधायक एमटी राजा,बोरियो विधायक धनंजय सोरेन तथा लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य संगठनात्मक मजबूती,बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना तथा आगामी राजनीतिक और जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की रणनीति तय करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में केंद्रीय समिति के सदस्य,जिला समिति के पदाधिकारी,विभिन्न मोर्चा एवं वर्ग संगठनों के प्रतिनिधि, सभी प्रखंडों और नगर इकाइयों के कार्यकर्ता, बीएलए-2,पंचायत अध्यक्ष एवं सचिव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता भाग लेंगे।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा,जिला कोषाध्यक्ष सुरेश शाह, प्रखंड अध्यक्ष अमरदीप सिंह,नगर अध्यक्ष आदित्य यादव,सोशल मीडिया सदस्य मो एजाज अंसारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे झामुमो नेताओं ने सम्मेलन को संगठन के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## सावित्री पब्लिक स्कूल में 14 जून से आठ दिवसीय योगा खेल प्रशिक्षण शिविर

लोकतंत्र की आवाज



मोहम्मद सबरार आलम
**बिहपुर/नवगछिया।** नवगछिया योगा एकेडमी के तत्वावधान में आठ दिवसीय योगा खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सावित्री पब्लिक स्कूल, नवगछिया में 14 जून से किया जाएगा।

इसकी जानकारी योगा खेल जिला संयोजक घनश्याम प्रसाद ने दी।उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण शिविर राष्ट्रीय खिलाड़ी धर्मचंद भगत के मार्गदर्शन एवं देखरेख में आयोजित होगा।शिविर में बच्चों को शारीरिक फिटनेस, योगासन तथा योगा खेल की विभिन्न तकनीकों और बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

घनश्याम प्रसाद ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।उन्होंने अधिक से अधिक बच्चों एवं अभिभावकों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## पत्रिका नवयत्न का प्रथम अंक प्रकाशित

लोकतन्त्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय
**भागलपुर।** भागलपुर प्रमंडलीय शिक्षा विभाग की बहुप्रतीक्षित त्रैमासिक पत्रिका नवयत्न के बेवसाइट का लोकार्पण संरक्षक क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक के कर-कमलों से हो गया। इस वेबसाइट के अंतर्गत त्रैमासिक पत्रिका नव-यत्न, पॉडकास्ट चैनल का भी शुभारंभ किया गया। ई-मैगजीन का विमोचन उपनिदेशक एससीईआरटी संजय के द्वारा किया गया।

आरडीडीई कार्यालय, भागलपुर में मौजूद सभी कर्मियों एवं पदाधिकारियों ने भौतिक रूप से पत्रिका का लोकार्पण किया। नव्यत्न के शुभारंभ के लिए प्रधान संपादक डॉ० शालिनी कुमारी रघुवंशमणि एवं यत्नार्थियों के प्रयासों को सराहा उन्होंने। एससीईआरटी उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा की बातें किताबों से आगे वर्ग कक्ष में भी जानी चाहिए। वरिष्ठ शिक्षाविद सीटीई भागलपुर के पूर्व प्राचार्य डॉ० राकेश कुमार ने भागलपुर प्रमंडल वासियों को शुभकामनाएं दीं एवं कहा कि अंग की यह भूमि काफी ऊर्जावान है। सह संपादक सिद्धांत सिंह ने पत्रिका के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। डीपीओ राजकुमार राजू ने शुभकामनाएं देते हुए नव-यत्न टीम के यातनार्थियों को आगे भी सहयोग का वादा किया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम का होस्टिंग प्रधान संपादिका शिक्षिका डॉ० शालिनी कुमारी रघुवंशमणि ने की।

## भागलपुर के एक पेड़ में 52 किस्म के आम, "मैंगो मैन" अशोक चौधरी की उपलब्धि

लोकतंत्र की आवाज



केदार नाथ पाण्डेय
**भागलपुर।** भागलपुर के चर्चित "मैंगो मैन" अशोक चौधरी ने आम उत्पादन और संरक्षण के क्षेत्र में एक उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने ऐसा अनोखा आम का पेड़ विकसित किया है, जिसमें एक साथ 52 किस्म के आम फल रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि के कारण अशोक चौधरी एक बार फिर चर्चा में हैं। उनकी नर्सरी में हजारों आम के पेड़ मौजूद हैं और 300 से अधिक किस्मों के आम संरक्षित किए गए हैं।

खास बात यह है कि वे उन दुर्लभ और विलुप्तप्राय आम की प्रजातियों को भी पुनर्जीवित करने का काम कर रहे हैं, जो समय के साथ लगभग खत्म हो चुकी थीं। उनके इस प्रयास को न केवल आम उत्पादकों बल्कि कृषि वैज्ञानिकों की ओर से भी सराहा जा रहा है। इसी क्रम में बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के वैज्ञानिकों की टीम भी उनकी नर्सरी पहुंची।

टीम ने विभिन्न किस्मों के आमों के नमूने इकट्ठा किए, जिनकी जांच विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला में की जाएगी। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि आम के उत्पादन में उपयोग किए जा रहे कीटनाशकों का अवशेष फल में निर्धारित मानकों के अंदर है या नहीं। यदि कीटनाशक अवशेष निर्धारित सीमा से अधिक पाया जाता है, तो वह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

## सप्तम राज्य वित्त आयोग की टीम ने पूसा प्रखंड का किया अध्ययन

लोकतंत्र की आवाज

**पंचायतों की वित्तीय चुनौतियों और विकास योजनाओं पर हुई समीक्षा**




रामजी कुमार
**समस्तीपुर।** पूसा प्रखंड के पंचायतों की वित्तीय व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से गठित सप्तम राज्य वित्त आयोग की टीम ने गुरुवार को पूसा प्रखंड का दौरा कर पंचायत समिति के कार्यों एवं योजनाओं का विस्तृत अध्ययन किया। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यगण ने पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में स्थानीय प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया।

बैठक के दौरान पंचायतों को प्राप्त वित्तीय संसाधनों के उपयोग, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन, राजस्व सृजन की संभावनाओं, आधारभूत संरचना विकास, ग्रामीण जनसेवाओं की गुणवत्ता तथा स्थानीय निकायों की वित्तीय जरूरतों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयोग के सदस्यों ने पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की।

प्रखंड परिवार की ओर से आयोग के समक्ष पंचायतों की वित्तीय स्वायत्तता को मजबूत करने, विकास योजनाओं के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराने, अनुदान राशि के समय पर आवंटन, स्थानीय स्तर पर राजस्व संग्रहण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा ग्रामीण विकास की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। अधिकारियों ने पंचायतों के समक्ष आने वाली व्यावहारिक समस्याओं और उनके समाधान से जुड़े बिंदुओं पर भी आयोग का ध्यान आकृष्ट कराया।

समीक्षा के दौरान आयोग के अध्यक्ष ने कहा कि राज्य वित्त आयोग का उद्देश्य पंचायतों और स्थानीय निकायों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन कर ऐसी कार्ययोजना तैयार करना है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति मिले और स्थानीय स्वशासन संस्थाएं अधिक सक्षम बन सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रखंडों से प्राप्त सुझावों और अनुभवों को आयोग की अनुशंसाओं में समुचित स्थान दिया जाएगा। बैठक में पंचायत समिति के कार्यों, वित्तीय प्रबंधन तथा विकास कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। आयोग के सदस्यों ने उपलब्ध अभिलेखों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए पंचायतों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

दौरे को स्थानीय प्रशासन ने पंचायत व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि आयोग की आगामी अनुशंसाएं पंचायतों को वित्तीय रूप से अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के क्रियान्वयन को नई गति मिलेगी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### आरोग्य धाम के 11वें स्थापना दिवस पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चम्पारण।** अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल के समीप स्थित आरोग्य धाम में आज 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सुबह से ही हो रही भारी बारिश के बीच भी शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर के दौरान प्रसिद्ध चिकित्सक डा. राहुल कुमार ने मरीजों की नि:शुल्क जांच की तथा उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुरूप उचित इलाज एवं स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिए। स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में उपयोगी बताया। वहीं आरोग्य धाम प्रबंधन की ओर से बताया गया कि संस्थान के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह विशेष शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों को दवाओं एवं विभिन्न जांच सेवाओं में भी विशेष छूट प्रदान की गई, जिससे लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सका। शिविर के सफल आयोजन में आरोग्य धाम के चिकित्सक डा. राहुल कुमार एवं कर्मियों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन के दौरान स्वास्थ्य जागरूकता पर भी बल दिया गया तथा लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की गई।

### आंगनवाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण, उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाएं सम्मानित, विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पोषण ट्रैकर के मानकों पर दिया गया विशेष जोर

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा।** बाल विकास परियोजना कार्यालय, बगहा-1 में बुधवार को बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रशांत कुमार झा की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी सेविकाओं की समीक्षा-सह-प्रशिक्षण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेविकाओं द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई तथा विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के नियमित एवं सुव्यवस्थित संचालन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सफल कार्यान्वयन, टीएचआर (टेक होम राशन) की समयबद्ध प्रविष्टि, एसआरएस के प्रभावी अनुपालन तथा पोषण ट्रैकर से संबंधित सभी मानकों के अनुरूप कार्य करने के संबंध में सेविकाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों ने सेवा-प्रदाय की गुणवत्ता में सुधार तथा विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रशांत कुमार झा ने सेविकाओं से अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिकता है। बैठक में प्रखंड समन्वयक, प्रधान सहायक, कार्यपालक सहायक सहित सभी पर्यवेक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट कार्य करने वाली सेविकाओं को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही अन्य सेविकाओं को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

### लंबित कांडों में लापरवाही पर एसपी का एक्शन, पटखौली थाना के दो दारोगा निलंबित

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

लंबित कांडों के निष्पादन में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ बगहा पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने कड़ा रुख अपनाया है। अपराध समीक्षा बैठक एवं थाना निरीक्षण के दौरान पटखौली थाना में पदस्थापित दो पुलिस अवर निरीक्षकों के जिम्मे कई मामले लंबित पाए गए, जिनमें अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पटखौली थाना में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक आभा कुमारी एवं राजीव साफी के जिम्मे कई कांडों का अनुसंधान लंबित था। समीक्षा के दौरान यह सामने आया कि मामलों के निष्पादन में अपेक्षित गति नहीं थी तथा अनुसंधान कार्य में शिथिलता बरती जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने दोनों अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया। साथ ही जिले के सभी अनुसंधानकर्ताओं एवं थाना प्रभारियों को लंबित कांडों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एसपी रामानंद कुमार कौशल ने स्पष्ट कहा कि अपराध नियंत्रण एवं कांडों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जवाबदेही और तत्परता के साथ करना होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि लंबित मामलों के निष्पादन में शिथिलता पाए जाने पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। एसपी की इस कार्रवाई के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। वहीं, विभागीय स्तर पर लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन को लेकर सक्रियता बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

# परिवहन विभाग में सिपाही के पद पर चयन हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर डीएम के निर्देश पर डा राजेंद्र प्रसाद सभागार में सभी पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रिफिंग संपन्न हुई

## 14 एवं 17 जून को सिपाही के पद पर चयन हेतु प्रतियोगिता परीक्षा स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त कराई जाएगी : जिला प्रशासन

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

अध्यक्ष, केंद्रीय चयन परिषद (सिपाही भर्ती) बिहार,पटना से प्राप्त पत्र के आलोक में मध निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग,कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) एवं परिवहन विभाग में सिपाही के पद पर चयन हेतु लिखित प्रतियोगिता परीक्षा दिनांक 14.06.2026 एवं 17.06.2026 को जिला में निर्धारित है। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता समाहरणालय स्थित डॉ राजेंद्र प्रसाद सभागार में परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्र अधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग संपन्न हुई। जिसमें बताया गया कि सिपाही के पद पर चयन हेतु जिला में कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों दिन की परीक्षा दो-दो पालियों में ली जाएगी जिसमें प्रत्येक पाली की परीक्षा में 8736 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा 10:00 बजे पूर्वाह्न से 12:00 बजे मध्यान्ह तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। अपर समाहर्ता के द्वारा इस महत्वपूर्ण परीक्षा को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार रहित वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रतिनियुक्ति सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्राधीक्षकों को सभी जरूरी निर्देश दिया गया। और कहा गया कि सभी परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर की व्यवस्था करा लें। केंद्र अधीक्षक परीक्षा केंद्रों के सभी कक्ष में घड़ी की व्यवस्था रखेंगे और समय का मिलान कर लेंगे। सभी परीक्षा केंद्र पर बिजली की समुचित व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें। परीक्षा केंद्र पर प्रतिनियुक्त स्टेटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी/पुलिस बल को निर्देश दिया गया कि 07:00 बजे पूर्वाह्न में एलॉटेड परीक्षा केंद्र पर उपस्थित रहेंगे। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रथम पाली के लिए 08:00 बजे पूर्वाह्न से कराया जाएगा और 09:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वहीं द्वितीय पाली की परीक्षा के लिए परीक्षार्थियों को अपराह्न 1:00 बजे से परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति होगी परंतु अपराह्न 2:00 बजे के पश्चात किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षार्थियों का तीन लेयर में फ्रीस्किंग का निर्देश दिया गया।पहला मुख्य द्वार से अंदर प्रवेश के समय एवं दूसरा परीक्षा केंद्र के अंदर फ्रीस्किंग कराई जाएगी। तीसरे चरण की फ्रीस्किन परीक्षा कक्ष में कराई जाएगी। परीक्षार्थी केवल परीक्षा का प्रवेश पत्र साथ प्रवेश करेंगे। उन्हें पेन अथवा पेंसिल भी ले जाने की अनुमति नहीं है। पेन परीक्षा कक्ष में ही उपलब्ध कराया जाएगा। संयुक्त ब्रीफिंग में बताया गया कि परीक्षा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन लिए सभी प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। महिला अभ्यर्थियों की जांच हेतु महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन,घड़ी, इरेज़र,शार्पनर एवं अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/गजट ले जाने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षार्थियों के प्रवेश के बाद सभी परीक्षार्थियों को आवंटित रोल नंबर के आधार पर बैठना होगा। परीक्षा केंद्र पर ड्यूटी में प्रतिनियुक्त कर्मी/पदाधिकारी/दंडाधिकारी को अपने पास मोबाइल फोन या अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को रखने की अनुमति नहीं होगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा-163 के तहत संपूर्ण परीक्षा अवधि तक निषेधाज्ञा लागू रहेगी। सदर अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा परीक्षा केंद्र के 200 मीटर की दूरी के अंतर्गत स्थित सभी फोटो स्टेट / साइबर कैफे की दुकान को परीक्षा की तिथि को पूर्वाह्न 8:00 बजे से परीक्षा की समाप्ति तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। परीक्षा केंद्र पर मीडिया के प्रवेश को वर्जित किया गया है। परीक्षा को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संचालन को लेकर आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जो दूरभाष संख्या 06252-242418 पर परीक्षा के दिन कार्यरत रहेगा। गुरुवार को संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच)मो शिबगतुल्लहा,सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, डीपीओ माध्यमिक शिक्षा नित्याम कुमार गौरव सहित प्रतिनियुक्त पदाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं सभी केंद्र अधीक्षक उपस्थित थे।

## सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का डीएम ने किया उद्घाटन लोकतंत्र की आवाज

**लोकतंत्र की आवाज**

**सहरसा संवादाता।**

सलखुआ प्रखंड क्षेत्र अतंर्गत चानन पंचायत के खोचरदेवा वार्ड संख्या एक स्थित मनरेगा से निर्मित महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिला पदाधिकारी दीपेश कुमार बुधवार को आठ लाख से अधिक के सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान डीएम ने केंद्र का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली तथा बच्चों को दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण, स्वास्थ्य एवं प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे को बेहतर पोषण एवं शिक्षा का वातावरण उपलब्ध कराया जाए, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस अवसर पर उपस्थित सीडीपीओ स्वेता प्रसाद ने बताई कि केंद्र में बच्चों के लिए आकर्षक शिक्षण सामग्री, खेल-कूद की सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल एवं अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया जाएगा। उद्घाटन के दौरान डीएम ने बच्चों से बातचीत की तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में डीडीसी गौरव कुमार, डीपीओ कुमारी पुष्पा, एसडीएम आलोक राय, वीडीओ विरेन्द्र कुमार, एलएस कुमारी रिंकू, मुखिया कविता देवी, समाजसेवी मनटून पासवान, सेविका रानी पोद्दार सहित स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

## सहरसा महागठबंधन ने एडीएम व मंत्री पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**

शहीद जयप्रकाश भवन, गांधी पथ में बुधवार को महागठबंधन दलों की ओर से संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नेताओं ने सहरसा के एडीएम कार्यालय से जुड़े कथित बिचौलियों के बीच बातचीत का एक ऑडियो जारी करते हुए प्रशासन और सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। महागठबंधन नेताओं के अनुसार जारी ऑडियो में एक कथित बिचौलिया स्वयं को एडीएम निशांत कुमार का रिश्तेदार बताते हुए कार्यालय के कार्यों में प्रभाव होने का दावा कर रहा है। ऑडियो में मंत्री रत्नेश सादा का भी उल्लेख किया गया है। नेताओं ने आरोप लगाया कि बिहार में भ्रष्टाचार चरम पर है और सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति केवल एक नारा बनकर रह गई है। नेताओं ने ऑडियो की निष्पक्ष जांच कराने, एडीएम सहित कथित रूप से बातचीत में शामिल सभी लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज ऑडियो वायरल होते ही सियासत गरम, महागठबंधन ने उठाए भ्रष्टाचार पर सवाल करने तथा उनकी चल-अचल संपत्तियों की जांच कराने की मांग की। साथ ही मंत्री रत्नेश सादा को पद से हटाकर उनके विरुद्ध भी जांच और कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीपीआई के राष्ट्रीय परिषद सदस्य ओमप्रकाश नारायण, जिला सचिव प्रमानंद ठाकुर, राजद जिलाध्यक्ष मो. ताहिर, सीपीएम नेता कुलानंद कुमार, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा, माले नेता कुंदन यादव, राजद जिला उपाध्यक्ष तेजनारायण यादव, कांग्रेस नेता सीताराम साह, सीपीआई नेता विजय यादव, भवेश यादव, शंकर कुमार एवं प्रभुलाल दास सहित अन्य नेता उपस्थित थे।एडीएम ने आरोपों को बताया बेबुनियादः वहीं, आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए एडीएम निशांत कुमार ने सभी आरोपों को असत्य और निराधार बताया। उन्होंने कहा कि उनका इस शहर में कोई रिश्तेदार नहीं है और वे पटना जिले के निवासी हैं। उन्होंने कहा कि वे सरकारी नियमों के तहत पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य कर रहे हैं तथा आज तक उनके किसी आदेश को गलत साबित नहीं किया गया है ।एडीएम ने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार सरकारी जमीनों की बंदोबस्ती रद्द करने की कार्रवाई जारी है और अब तक सैकड़ों एकड़ बिहार सरकार की भूमि को चिन्हित कर बंदोबस्ती रद्द की जा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सहरसा एडीएम निशांत कुमार भू-माफियाओं द्वारा उन्हें बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि इस मामले में मानहानि सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बगहा पुलिस का शिकंजाः शराब, हथियार बरामद, 10 गिरफ्तार, बगहा पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 74.92 लीटर शराब, पिस्टल व बाइक बरामद, 10 आरोपी गिरफ्तार

**लोकतंत्र की आवाज**



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा, प्रतिनिधि।** बगहा पुलिस जिले में अपराध और शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने पिछले 24 घंटे में बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान 74.92 लीटर शराब, एक पिस्टल, तीन मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक रामानंद कुमार कौशल ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। एसपी ने बताया कि जिले में दो कुर्की वारंटों का निष्पादन किया गया। वहीं नदी थाना एवं भैरोगंज थाना में बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध अलग-अलग कांड दर्ज किए गए हैं। रामनगर थाना पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में राजा कुमार, मुकेश कुमार, साहेब कुमार और रेयाज कुरैशी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। वहीं लौकरिया थाना पुलिस ने लालबाबू उरांव, भोला चौधरी और मनोज साह को गिरफ्तार किया है। चौतरवा थाना पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में सोनेलाल यादव, नानू कुमार और तबरेज अंसारी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 25.92 लीटर अंग्रेजी शराब, 49 लीटर देशी चुलाई शराब, एक पिस्टल, तीन मोबाइल फोन तथा एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। एसपी ने बताया कि वाहन जांच अभियान के दौरान 289 वाहनों की जांच की गई, जिससे 22 हजार रुपये शमन राशि के रूप में वसूले गए। इसके अलावा जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैंकों एवं एटीएम की भी सघन जांच की गई। उन्होंने कहा कि बगहा पुलिस अपराधियों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। सभी थानाध्यक्षों को गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## डीबीटी के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन का भुगतान, लाभार्थियों के खाते में राशि हस्तांतरित

**लोकतंत्र की आवाज**



**सहरसा संवादाता।**

मुख्यमंत्री द्वारा बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों को डीबीटी के जरिए मई 2026 माह की पेंशन राशि का अंतरण किया गया। जिला मुख्यालय स्थित विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पेंशनधारियों के समक्ष इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी दीपेश कुमार, अपर समाहर्ता, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सहित जिले के 100 से अधिक पेंशनधारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिन लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण 31 मई 2026 तक पूरा हो चुका था, उन्हें मई माह की पेंशन राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेज दी गई है। उन्होंने बताया कि जिले में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 52,480, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,08,272, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 8,938, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 13,369, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 1,293 तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 13,859 लाभार्थियों को पेंशन राशि का भुगतान किया गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं वृद्ध, विधवा एवं दिव्यांगजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में सहायक हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 2,43,967 पेंशनधारियों में से 1,99,258 लाभार्थियों ने 30 सहरसा में 1.99 लाख से अधिक पेंशनधारियों के खातों में पहुंची मई माह की पेंशन, 42,881 लाभार्थियों का जीवन प्रमाणीकरण अब भी लंबित मई 2026 तक जीवन प्रमाणीकरण करा लिया है, जबकि 42,881 पेंशनधारियों का जीवन प्रमाणीकरण अभी लंबित है। उन्होंने सभी लंबित लाभार्थियों से अपील की कि वे शीघ्र जीवन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूरी कर लें, ताकि उनकी पेंशन राशि का भुगतान निर्बाध रूप से समय पर होता रहे।

## डीएम के अध्यक्षता में डीएलआरएसी व डीएलसीसी की हुई समीक्षात्मक बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**

**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी**

**पूर्वी चंपारण।** समाहरणालय मोतिहारी स्थित डॉ. राधा कृष्णन सभागार में डीएम सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरएसी व डीएलसीसी) की चतुर्थ तिमाही (2025-26) मार्च-2026 की बैठक सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में मधुबन के माननीय विधायक राणा रणधीर सिंह,जिला परिषद अध्यक्ष ममता राय,उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद,नगर आयुक्त आशीष कुमार, सांसद प्रतिनिधि बेतिया प्रदीप सर्राफ,अग्रणी जिला प्रबंधक (एलडीएम) राजेन्द्र कुमार पाण्डेय,जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक शुभम कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश, डीडीएम नाबार्ड आनन्द अतिरेक,सेंट्रल बैंक आरसेटी निदेशक बिपिन कुमार एलडीओ आरबीआई संदीप कुमार,जिला गव्य विकास पदाधिकारी के प्रतिनिधि, जीविका से राजू कुमार सहित विभिन्न बैंकों के भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधकगण सहित सभी जिला समन्वयक एवं विभिन्न कार्यालयों के पदाधिकारी सहित अन्य शामिल थे। सभी उपस्थित गणमान्य का एलडीएम राजेंद्र कुमार पांडे के द्वारा स्वागत किया गया। बैठक के दौरान जिला संबंधित पदाधिकारियों व बैंक प्रबंधकों के साथ सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। वार्षिक ऋण योजना की चतुर्थ तिमाही, केसीसी, प्राथमिकता क्षेत्र, ऋण-जमा अनुपात, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, पीएमइजीपी,जिला साख योजना



उपलब्धि, पीएमएफएमई,पीएमएसवीए निधि,महिला स्वयं सहायता समूह के क्रेडिट लिंकेज, वित्तीय समावेशन व वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम,पीएम सूर्य घर योजना, आरसेटी के कार्य उपलब्धि व बचत खाता,मुद्रा ऋण और पीएमएसबीवाई,पीएम जेजेबीवाई क्लेम सेटलमेंट, अटल पेंशन योजना सहित अन्य की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर मधुबन विधायक राणा रणधीर सिंह ने बैंकों से नवीन केसीसी पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कि और सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक आवेदन को ससमय संपादित करें। उन्होंने कहा कि बैंक ऐसा काम करें जिससे आमजन को बिना किसी सिफारिश या बिचौलियों के उनका काम आसानी से हो जाए और उन्हें बार-बार बैंक दौड़ना नहीं पड़े। डीएम सौरभ जोरवाल के द्वारा आगामी 17 व 18 जून को प्रखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर में अधिक से अधिक ऋण आवेदन निष्पादित करने का निर्देश बैंकों को दिया गया जिस पर एल.डी.एम राजेंद्र कुमार पाण्डेय के द्वारा आस्वस्त किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में बैंकों की सहभागिता अवश्य रहेगी। जिलाधिकारी ने पीएम सूर्य घर योजना के लिए एक अलग से समीक्षा बैठक करने के लिए एसडीसी बैंकिंग को निर्देश दिया गया।

## आकाशीय बिजली का कहरः गर्भवती पत्नी के सामने युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**लोकतंत्र की आवाज**

**अमित कुमार ।**

सौरबाजार (सहरसा )संवाददाता। सौर बाजार थाना क्षेत्र के कांप लक्ष्मीनिया गांव में गुरुवार की अहले सुबह आकाशीय बिजली ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। खेत में मवेशियों के लिए चारा लाने गए 24 वर्षीय युवक की वज्रपात की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रकाश यादव के 24 वर्षीय पुत्र हीरा कुमार के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि हीरा कुमार अपनी पत्नी के साथ बहियार में मवेशियों के लिए चारा लाने गए थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बचने का मौका भी नहीं मिला



कि आकाशीय बिजली उनके ऊपर गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों के अनुसार हीरा कुमार मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सबसे मार्मिक बात यह है कि हीरा कुमार अपने पीछे एक छोटे बेटे को छोड़ गए हैं, जबकि उनकी पत्नी गर्भवती है और उनका दूसरा बच्चा अभी मां की कोख में पल रहा है। इस हादसे ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। घटना की जानकारी मिलने पर सौर बाजार पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, परिजनों ने प्रशासन से आपदा राहत कोष के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: अरेराज उत्पाद पुलिस ने अवैध चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार



**ब्यूरो प्रमुख मोतिहारी पूर्वी चंपारण।** जिले के हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत भादा गांव में अरेराज उत्पाद पुलिस ने छापेमारी कर अवैध चुलाई शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति भादा वार्ड संख्या–06 निवासी उपेन्द्र महतो (50 वर्ष) है। जानकारी के अनुसार, अभियुक्त के घर के पीछे छापेमारी के दौरान 4 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद कर जप्त की गई। मामले में उत्पाद विभाग द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में एएसआई अजीत कुमार सिंह, उत्पाद सिपाही आकाश राज, मंतोष कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर के सफल आयोजन को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** रजौली प्रखंड कार्यालय में गुरुवार की दोपहर बीडीओ संजीव झा के नेतृत्व में प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ एक महत्त्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड सभागार में आगामी 17 और 18 जून को पदाधिकारियों के सहयोग से प्रखंड सहयोग सह जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जाना है। इस शिविर को सफल बनाने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर शोर से चल रही है। बीडीओ ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से केंद्र सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंचाना है। शिविर में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन (वृद्धा,दिव्यांग व विधवा पेंशन), पीएम सूर्य घर – मुफ़्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, लखपति दीदी, पीएम स्वनिधि, भीबी जी राम जी, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, दिव्यांग कल्याण योजनाएं, मुख्यमंत्री स्वयं सहायता योजना समेत अन्य कई योजनाओं से संबंधित पदाधिकारियों के द्वारा लाभुकों को लाभ दिया जाएगा। शिविर में लाभुकों के सुविधा हेतु हेल्प डेस्क, मेडिकल स्टोर आदि की व्यवस्था रहेगी। योजना के लाभ हेतु लाभुकों को शिविर में आधार कार्ड, राशन कार्ड ,बैंक पासबुक व फोटो समेत अन्य जरूरी दस्तावेज लाना होगा। बीडीओ ने शिविर की सफलता को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

### पटना : सीएम सम्राट चौधरी ने लालू यादव को दी जन्मदिन की बधाई



**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने 11 जून को अपना 78वां जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर बिहार के मौजूदा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लालू यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। सीएम सम्राट ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ''बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रभु से आपके स्वस्थ, दीर्घ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना करता हूं।

# पटना : दानापुर में फ्रिज के धमाके से घर में लगी आग, लाखों का सामान राख, तीन लोग झुलसे

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**
पटना। दानापुर के नूरपुर चांदमारी इलाके में बुधवार देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया। एक पूर्व सैनिक सत्येन्द्र रात के घर में फ्रिज का कंप्रेसर अचानक फट गया जिससे घर में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में घर में मौजूद मां और उसकी दो बेटियां गंभीर रूप से झुलस गईं जबकि घर में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के समय सतेन्द्र राय अपने बेटे रविनेश के साथ किसी काम से बाजार गए हुए थे। घर में उनकी पत्नी सरिता देवी (38) और दो बेटियां कृति कुमारी (17) व प्रीति कुमारी (15) मौजूद थीं। अचानक घर की ऊपरी मंजिल पर रखे फ्रिज का कंप्रेसर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाका इतना तीव्र था कि आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पूरे कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि कमरे में रखा गैस सिलेंडर भी चपेट में आ गया, जिससे स्थिति और भी भयावह हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बचाव कार्य में जुट गए और कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को इलाज के लिए खगौल रोड स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। वहीं दमकल विभाग को भी सूचित किया गया। सहायक जिला अग्निशमन पदाधिकारी शशिकांत शर्मा ने बताया कि घटनास्थल तक पहुंचने वाला रास्ता बेहद संकरा था, जिसकी वजह से दमकल की बड़ी गाड़ियां वहां नहीं पहुंच सकीं। अंततः छोटी दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर बमुश्किल काबू पाया गया।

इस अग्निकांड में घर का फर्नीचर, महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, कीमती कपड़े और अन्य जरूरी घरेलू सामान जलकर राख हो गए। पुलिस और अग्निशमन विभाग मामले की गहन जांच कर रहे हैं ताकि आग लगने के कारणों की पुष्टि हो सके। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अपने घर में लगे बिजली के उपकरणों की समय-समय पर सर्विसिंग और जांच जरूर करवाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल अस्पताल में भर्ती मां और दोनों बेटियों का उपचार चल रहा है और उनकी स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं।

## अपना ज्वेलर्स में हुई चोरी, नगदी समेत सोने-चांदी के आभूषण ले उड़े चोर




लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के एसएच 83 पथ में मिल्की गांव स्थित अपना ज्वेलर्स नामक ज्वेलरी दुकान में दुकान के वेंडिलेटर के के रास्ते चोर दुकान में घुसकर नकदी समेत चांदी का पुराना ज्वेलरी करीब (100 ग्राम) की चोरी कर लिया है। सूचना बाद स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच किया। पीड़ित दुकानदार मिल्की निवासी धीरज कुमार वर्मा ने बताया कि बुधवार की दुकान में वेंडिलेटर के दराज से कोई चोर दुकान में घुस गया। काउंटर में रखा करीब 50 नकदी तथा चांदी का पुराना आभूषण करीब 100 ग्राम को लेकर चोर सफाई के साथ भाग निकला। बताया गया कि चोर दुकान में लगा सीसीटीवी कैमरे के एंगल को दूसरे तरफ मोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। सूचना बाद एसआई अखिलेश कुमार सिंह ने सदलबल घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की सघनतापूर्वक जांच किया। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस से चोरी गए जेवरातों एवं नकदी बरामदगी को गुहार लगाई है। बताया गया कि चोरी की घटना में शामिल आरोपी की तश्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिससे पुलिस जल्द मामले का उद्भेदन कर सकती है। पीड़ित ने घटना से संबंधित आवेदन थाना में देकर सामानो तथा नकदी की बरामदगी की गुहार लगाई है। बता दें कि वारिसलीगंज थाना क्षेत्र में हाल के दिनों में चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। 2026 में अब तक छोटी बड़ी आधा दर्जन चोरी की घटना घट चूकी है। जिसमें थाना क्षेत्र के दौलतपुर गांव में 22 फरवरी की रात 30 लाख रुपये मूल्य का जेवरात की चोरी की घटना घटित हुई। वही राजापुर ग्रामीण मनोज कुमार के घर से नकदी समेत करीब 90 ग्राम सोने का जेवरात की चोरी के अलावे मवेशी, इलेक्ट्रिक मोटर, वाहन की बैटरी आदि छोटी बड़ी घटनाएं घटित हुई है। जिसमें पुलिस ने मवेशी की बरामदगी समेत घटना में शामिल चोरों की गिरफ्तारी किया है।

## कोयला लदे दो वाहनों को पुलिस ने रोका,खनन विभाग कर रही जांच

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**
**रजौली।** थाना क्षेत्र के एनएच-20 पर पुलिस बलों ने गुरुवार को कोयला लदे दो वाहनों को जब्त किया है। जब्त कोयला से संबंधित कागजातों की प्रस्तुति नहीं किए जाने पर उसे जांच हेतु थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस क्षेत्र में विधि व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने को लेकर लगातार कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि झारखंड से रजौली की ओर आ रही दो वाहनों पर शराब परिवहन को लेकर गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कानूनी कार्रवाई को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को सशस्त्र पुलिस बल के साथ छापेमारी हेतु भेजा गया। इसी क्रम में झारखंड की ओर से आ रहे इंट्रा नामक मालवाहक संख्या जेएच02बीभी2436 और जेएच02बीटी 4785 की जांच सघनता से की गई। जांच के क्रम में दोनों वाहनों पर वृहद मात्रा में प्लास्टिक के बोरियों में बंद कोयला पाया गया। कोयला से संबंधित दस्तावेज नहीं दिखाने पर खनन विभाग को जांच हेतु प्रतिवेदन दिया गया है। खनन विभाग द्वारा जांच के उपरांत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ से लटका मिला विवाहिता का शव, पति हिरासत में

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**बगहा, प्रतिनिधि।** बगहा पुलिस जिले के लौकरिया थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात एक विवाहिता का शव पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान गरकट्टी गांव निवासी गौतम काजी की 25 वर्षीय पत्नी हेमलता कुमारी के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेज दिया।

**बगीचे में मिला शवः** प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार शाम पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद हेमलता कुमारी घर से निकलकर गांव के समीप स्थित एक बगीचे में चली गई थीं। देर रात उनका शव उसी बगीचे में एक पेड़ से लटका हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई।

**ढाई वर्ष पहले किया था प्रेम विवाहः** बताया जाता है कि गौतम काजी और हेमलता कुमारी ने लगभग ढाई वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था। हेमलता मूल रूप से नौरंगिया थाना क्षेत्र के कटैया गांव निवासी ठगई महतो की पुत्री थीं।

**पति से पूछताछ जारीः** लौकरिया थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष शमीम अहमद ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। मृतका के पति गौतम काजी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के सभी पहलुओं का पता लगाया जा सके।

**फॉरेंसिक टीम जुटा रही साक्ष्यः** रामनगर एसडीपीओ रागिनी कुमारी ने बताया कि शव मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम द्वारा साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले सभी बिंदुओं की बारीकी से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि समाचार लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## लालू व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं; व्यक्ति को कैद किया जा सकता है, विचार को नहीं : डॉ. चक्रपाणि हिमांशु

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**
**बिहपुर/नवगछिया।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का 79वां जन्मदिन गुरुवार को राजद के प्रधान कार्यालय, अलीगंज (भागलपुर) में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया तथा उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान महासचिव विश्वजीत कुशवाहा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग के पूर्व अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री समकक्ष दर्जा प्राप्त डॉ. चक्रपाणि हिमांशु ने कहा कि ''लालू प्रसाद व्यक्ति नहीं, एक विचार हैं। व्यक्ति को कैद किया जा सकता है, लेकिन विचारों को नहीं।'' उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व में सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को मजबूती मिली है तथा आने वाले समय में राष्ट्रीय जनता दल देश और बिहार की जनता के हित में और अधिक सशक्त भूमिका निभाएगा। डॉ. हिमांशु ने कहा कि रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद यादव ने भारतीय रेल के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उन्होंने भागलपुर रेल मंडल कार्यालय के शिलान्यास का भी उल्लेख किया। साथ ही कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में उन्होंने समाज के वंचित वर्गों को अधिकार और सम्मान दिलाने का काम किया। इस अवसर पर राजद के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, नगर अध्यक्ष मोहम्मद शाहबुद्दीन, विश्वजीत कुशवाहा, मोहम्मद ऐयाज, अशोक कुमार, राकेश कुमार, मोहम्मद मोजुवील, मोहम्मद उस्मान, मोहम्मद नवाज, नैयाज अंसारी, मोहन दास, अंकित कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने एक-दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## लालू यादव का 79वां जन्मदिन राबड़ी आवास में धूमधाम से मनाया गया, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई और शुभकामनाएं

लोकतंत्र की आवाज



**संवाददाता विनोद प्रसाद**
**पटना।** बिहार की राजनीति के पुरोधा और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने आज अपना 79वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पटना स्थित राबड़ी आवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में लालू यादव ने अपने परिवार के साथ 79 पाउंड का भव्य केक काटकर इस विशेष दिन को यादगार बनाया। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी, पूर्व मुख्यमंत्री रावड़ी देवी, राजद सांसद मीसा भारती, राजद के महासचिव मदन शर्मा सहित कई नेता मौजूद रहे। भारी संख्या में पार्टी नेता और कार्यकर्ता राजद सुप्रीमो को बधाई का संदेश देने के लिए सर्कुलर रोड पहुंचे। तेजस्वी ने कहा लालू जी स्वस्थ्य रहे यही हमलोग आज के दिन ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। इस अवसर पर उनके बड़े बेटे जजद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने अपने पिता लालू यादव के लिए सोशल मीडिया एक्स पर लालू यादव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने हुए लिखा - ₹जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएँ, पापा। जन्मदिन की बधाई देने के लिए राबड़ी आवास के बाहर समर्थकों का तांता लगा रहा। इस मौके पर आवास में बधाई संदेश लेकर पहुंच रहे लोगों के लिए खाने की भी व्यवस्था की गई थी। लालू यादव ने अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का हाथ थामकर आवास के बाहर आकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। इतना ही नहीं, उन्होंने सादगी का परिचय देते हुए अपने हाथों से कार्यकर्ताओं को भोजन परोसा। तेजस्वी यादव भी खुद अपने हाथों से लोगों को पूड़ी सब्जी और मिठाई खिलाते हुए नजर आए। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। इससे पहले लालू यादव ने बीती रात 12 बजे केक काटकर पूरे परिवार के साथ अपना जन्मदिन मनाया। सभी ने लालू यादव को केक खिलाकर उनका जन्मदिन मनाया और उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पूरा परिवार काफी खुश नजर आया।

## वारिसलीगंज : कैंप में संत जान्स पब्लिक स्कूल का उत्कृष्ट प्रदर्शन, भ्रमण व शिक्षण गतिविधियों में शामिल हुए बच्चे

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**-नवादा के जिला शिक्षा पदाधिकारी,के निर्देश पर कक्षा 5वीं एवं 6वीं के छात्रों के भाषाई और गणितीय कौशल को निखारने के उद्देश्य से विशेष 'समर कैंप' आयोजित की गई।जिसमें वारिसलीगंज संत जान्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अपनी मेधा का परिचय दिया है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन विशेष देख रेख में बच्चों को विभिन्न स्थानों का भ्रमन करवाया। जिससे बच्चों में सीखने का एक नया और व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ।बताया गया कि शिक्षा विभाग के इस महत्वपूर्ण आयोजन में सीबीएसई से संबद्ध संत जान्स पब्लिक स्कूल ने न केवल अपने चयनित बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित की, बल्कि विद्यालय की ओर से शिक्षकों के विशेष देखरेख में बच्चों को शैक्षणिक भ्रमण पर भी ले जाया गया। इस दौरान बच्चों को विषय विशेषज्ञों एवं विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सतत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यालय प्रबंधन के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा और सीखने की प्रवृत्ति को जगाना रहा। समर कैंप के दौरान शिक्षा विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए,स्कूल ने बच्चों को विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों और शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से भाषा की बारीकियों और गणितीय सूत्रों को सरलता से समझाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने कहा की यह हमारे लिए गौरव का विषय है कि जिला शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस कैंप में हमारे विद्यालय के बच्चों को इस विशेष अवसर का लाभ मिला। स्कूल का प्रयास है कि बच्चा केवल कक्षा में ही नहीं, बल्कि बाहरी वातावरण और गतिविधियों के माध्यम से भी सीखे। शिक्षा विभाग का यह समर कैंप बच्चों के आत्मविश्वास और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## सृजन जनसंपर्क अभियान के तहत मोहम्मद इबरार आलम बने बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज



बिहपुर/ नवगछिया। बिहार कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे सृजन जनसंपर्क अभियान के तहत बिहपुर प्रखंड में संगठनात्मक विस्तार को लेकर प्रखंड अध्यक्ष का चयन किया गया। भागलपुर संगठन के प्रभारी राहुल कुमार चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की तुलना में अधिक जनसमर्थन, सक्रियता एवं जनसंपर्क क्षमता को देखते हुए मोहम्मद इबरार आलम को बिहपुर प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने एवं आम लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। मोहम्मद इबरार आलम लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद इबरार आलम ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को और मजबूत बनाने का कार्य करेंगे एवं जनता के हितों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। प्रखंड अध्यक्ष बनने पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रोहित आनंद शुक्ला, अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश सचिव अतहर सेईद, नवगछिया पुलिस जिला अल्पसंख्यक के जिला अध्यक्ष शेख हस्बुल, कांग्रेस नेता राधा कृष्ण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नवीन शर्मा,नवगछिया पुलिस जिला यूथ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद फिरोज आलम, कांग्रेस नेता पंकज कुमार कुशवाहा, भागलपुर यूथ कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत बनर्जी, पूर्व भागलपुर जिला उपाध्यक्ष अमित आनंद, मुजफ्फर अहमद, कार्यालय मंत्री मृत्युंजय मिश्रा, कांग्रेस नेता मोहम्मद इस्तखार, कांग्रेस नेता जावेद खान, युवा कांग्रेस नेता परवेज आलम, एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बधाई दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का 79 वां जन्मदिन सद्भावना दिवस समारोह के रूप में मनाया गया



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत गौरव जननायक लालू प्रसाद यादव जी का आज जिला मुख्यालय सासाराम में 79 वां जन्मदिन सद्भावना दिवस समारोह रूप में मनाया गया दिल्ली पब्लिक स्कूल में यह कार्यक्रम प्रायोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री रामचंद्र ठाकुर जी ने की संचालन प्रधान महासचिव राजू रंजन उर्फ राजू यादव ने किया मौके पर केक काटकर सभी कार्यकर्ताओं ने लालू यादव के जन्मदिन पर समाधिक सौहार्द एवं देश के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बिहार के समुचित विकास के लिए हम राजद के सिपाही प्रतिबद्ध है इसी क्रम में पार्टी के साथी राज्य परिषद के सदस्य सरबजीत सिंघ खालसा एडवोकेट ,राज किशोर सिंह यादव, सतेन्द्र शाह, शिवंत कुशवाहा, तौकीर मंसूरी, जितेंद्र नटराज ,जनार्दन सिंह यादव, शंकर कुशवाहा ,इमरान अख्तर,अश्विनी यादव , सद्दाम राजा ,मोहम्मद चांद अशरफ अरविंद यादव, अरविन्द कुशवाह मनोज यादव ,उमेश गुप्ता ,वीरेंद्र शाह, अभय यादव ,मोहित सिंघ आदि उपस्थित थे।

### दिनारा पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टा के साथ किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

दिनारा। जिले में अपराध और अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान तहत दिनारा पुलिस ने एक प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक युवक को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार कर लिया । गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परानपुर गांव में छापेमारी की और आरोपी को धर दबोचा । गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी अरुण कुमार पांडेय के रूप में हुई है । तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद किया गया । बरामदगी के बाद पुलिस उसे हिरासत में लेकर थाना पहुंची,जहां आवश्यक पूछताछ की गई । इस मामले में दिनारा थाना में कांड संख्या –253/26 दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट तहत प्राथमिकी दर्ज की गई । जांच और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया । थानाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद ने बताया कि क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों और अपराधी तत्वों के खिलाफ पुलिस लगातार सघन अभियान चला रही है । उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी तथा आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है । पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध हथियार रखने वालों में हड़कंप मचा हुआ है,जबकि आम लोगों ने इसे कानून–व्यवस्था के लिए सकारात्मक कदम बताया है ।

### पुलिस अज्ञात महिला का किया शव बरामद, जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। डीडीयू–गया रेल खंड पर आरा गुमटी सासाराम के पास रेल पुलिस ने एक अज्ञात महिला का शव बरामद किया है। शव का शिनाख्त न होने के कारण पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। रेल पुलिस मृतका की पहचान करने और मामले की जांच में जुटी है।

### सड़क हादसे में एक एएनएम की मौत, पुत्र गंभीर रूप से घायल

लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र के कोनार–जगदतपुर पथ पर पीपरा खुर्द गांव के समीप बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक एएनएम की मौत हो गई, जबकि उनका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।. मृतका की पहचान डुमरा गांव निवासी निभा कुमारी के रूप में हुई है. वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करगहर में संविदा पर कार्यरत थीं और स्वास्थ्य उपकेंद्र बभनी में अपनी सेवाएं दे रही थीं।

### जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा सात लोगों से किया गया दैनिक साक्षात्कार



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। जिला पदाधिकारी,उदिता सिंह के द्वारा अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में दैनिक साक्षात्कार किया गया,जिसमें कुल सात आवेदन प्राप्त हुआ। जिले के अंचल – सूर्यपूरा, ग्राम– करमा के ग्रामीणों यथा – शशिभूषण सिंह, रूपेश कुमार सिंह,राजेन्द्र सिंह, श्रीकांत सिंह एवं अन्य के द्वारा आम रास्ता रोकने से संबंधित शिकायत किया गया,जिसे शीघ्र जाँच कर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज को निदेशित किया गया। आवेदक–कृष्णानन्द पाठक, पिता स्व. जगनारायण पाठक, ग्राम चितांव, थाना– दिनारा के द्वारा भूमि विवाद से संबंधित आवेदन दिया गया,जिसे अग्रेतर कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम को भेजा गया। आवेदक–अखलाक अहमद रिजवी, महासचिव मरकजी मुहर्रम कमेटी सासाराम के द्वारा मोहर्रम पर्व 2026 के अवसर पर निकाले जाने वाले जुलूसों के कार्यक्रम एवं इस अवसर पर विशेष प्रबंध किये जाने के संबंध में आवेदन दिया गया,जिसे संज्ञान में लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सासाराम तथा नगर आयुक्त सासाराम को निदेशित किया गया। इसी प्रकार शेष आवेदन–पत्रों को त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया।

### रोहतास जिला परिवहन पदाधिकारी की लोगों से अपील – "अब सुधार जाइए"...



लोकतंत्र की आवाज

सासाराम। रोहतास जिला परिवहन पदाधिकारी ने जिलेवासियों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा बिना वैध दस्तावेज के वाहन सड़क पर न चलाएं। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी न केवल कानूनी कार्रवाई का कारण बनती है, बल्कि इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए सभी लोग जिम्मेदार नागरिक बनें और सुरक्षित यातायात व्यवस्था में अपना सहयोग दें। अब सुधार जाइए, नियमों का पालन कीजिए और अपने साथ–साथ दूसरों की जिंदगी भी सुरक्षित रखिए।

# बिहार की राजनीति और नेताओं की बाड़ाबंदी...?

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ/दिनेश तिवारी**

**सासाराम (रोहतास)।** बिहार की राजनीति बड़ी निराली है। यहाँ मौसम विभाग चाहे बारिश का अनुमान लगाने में चूक जाए, लेकिन राजनीतिक दल चुनाव आते ही अपने नेताओं के "उड़नछू" होने की आशंका का पूर्वानुमान लगा लेते हैं। यही कारण है कि जैसे ही लोकसभा, विधानसभा, राज्यसभा या विधान परिषद चुनाव की आहट सुनाई देती है, नेताओं की बाड़ाबंदी शुरू हो जाती है। पहले जमाने में किसान अपनी गाय-भैंसों को सुरक्षित रखने के लिए बाड़ा बनाता था। आज राजनीतिक दल अपने नेताओं को सुरक्षित रखने के लिए रिसॉर्ट, होटल और फार्म हाउस बुक करते हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि गाय-भैंसें अपने मालिक के प्रति वफादार होती हैं, लेकिन नेता कब किसकी सीटी पर दूसरी तरफ चल पड़ें, इसका भरोसा किसी को नहीं होता।

बिहार में चुनाव अब लोकतंत्र का उत्सव कम और "नेता संरक्षण अभियान" ज्यादा लगने लगा है। चुनाव घोषित होते ही पार्टी कार्यालयों में बैठकों का दौर शुरू होता है और सबसे पहला सवाल यही होता है "अपने कितने विधायक सुरक्षित हैं?" जनता के मुद्दे, विकास, बेरोजगारी, शिक्षा और स्वास्थ्य बाद में आते हैं, पहले नेताओं की गिनती होती है। राजनीति का यह नया दौर बड़ा दिलचस्प है। नेता चुनाव पार्टी के नाम पर जीतते हैं, जनता से विचारधारा की बात करते हैं, मंचों से निष्ठा और समर्पण के भाषण देते हैं, लेकिन जैसे ही सत्ता का गणित बदलता है, विचारधारा का बुखार उतर जाता है। फिर वही नेता, जो कल तक अपनी पार्टी को मां बता रहा था, अगले दिन दूसरी पार्टी को मौसी, बुआ या चाची घोषित कर देता है।

जनता भी हैरान रहती है। जिस नेता को उसने एक झंडे के साथ वोट दिया था, वह कुछ महीनों बाद दूसरे झंडे के नीचे भाषण देता दिखाई देता है। तब जनता सोचती है कि आखिर उसने वोट व्यक्ति को दिया था या पार्टी को? लेकिन राजनीति में इस सवाल का जवाब कोई नहीं देता। आज हालत यह है कि राजनीतिक दल अपने नेताओं पर उतना भरोसा नहीं करते, जितना मोबाइल कंपनियां अपने नेटवर्क पर करती हैं। चुनाव आते ही नेताओं के मोबाइल पर निगरानी बढ़ जाती है, उनके मित्रों की सूची देखी जाती है, उनके होटल और यात्राओं पर नजर रखी जाती है। कहीं कोई विपक्षी दल "ऑफर लेटर" लेकर न पहुंच जाए।

कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि नेता नहीं, बल्कि आईपीएल के खिलाड़ी हैं। चुनावी सीजन आते ही उनकी बोली लगने लगती है। कोई मंत्री पद के लिए तैयार है, कोई निगम-मंडल के अध्यक्ष पद पर राजी हो जाता है, तो कोई सिर्फ टिकट के भरोसे ही अपना राजनीतिक धर्म बदल लेता है। सबसे मजेदार दृश्य तब होता है जब बाड़ाबंदी में बंद नेता मीडिया के सामने आकर कहते हैं, "हम पूरी तरह स्वतंत्र हैं, हमें कहीं नहीं रोका गया है।" यह बयान ठीक वैसा ही लगता है जैसे कोई छात्र परीक्षा हॉल में बैठकर कहे कि वह अपनी मर्जी से यहाँ आया है। राजनीति में दल-बदल का यह खेल लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय भी है। क्योंकि जो व्यक्ति अपनी पार्टी के साथ नहीं टिक सकता, वह जनता के साथ कितना टिकेगा, यह प्रश्न स्वाभाविक है। विचारधारा, सिद्धांत और प्रतिबद्धता की जगह यदि सिर्फ सत्ता और पद ही लक्ष्य बन जाएं, तो लोकतंत्र धीरे-धीरे अवसरवाद का अखाड़ा बन जाता है।

विडंबना यह है कि जनता हर चुनाव में उम्मीद लेकर मतदान करती है। वह सोचती है कि चुना हुआ प्रतिनिधि पांच साल तक उसके मुद्दों के लिए लड़ेगा। लेकिन कई बार नेता जनता की लड़ाई लड़ने के बजाय अपनी राजनीतिक संभावनाओं की लड़ाई लड़ते नजर आते हैं। बिहार की राजनीति में बाड़ाबंदी अब एक परंपरा बन चुकी है। चुनाव आते हैं, होटल भर जाते हैं, रिसॉर्ट सज जाते हैं, नेता गायब हो जाते हैं और जनता टीवी चैनलों पर उनकी खोज खबर देखती रहती है। लोकतंत्र का यह अनोखा दृश्य शायद दुनिया के किसी राजनीतिक विज्ञान के पाठ्यक्रम में नहीं पढ़ाया जाता होगा।

आखिर में इतना ही कहा जा सकता है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने ही नेताओं को बाड़े में बंद रखना पड़ रहा है, तो यह सिर्फ नेताओं की नहीं, पूरी राजनीतिक संस्कृति की समस्या है। जिस दिन नेता पद और सत्ता से ऊपर उठकर विचार और सिद्धांत के प्रति वफादार हो जाएंगे, उस दिन शायद बाड़ाबंदी की जरूरत नहीं पड़ेगी। लेकिन तब तक बिहार की राजनीति में चुनावी मौसम का एक स्थायी दृश्य यही रहेगा जनता खुले मैदान में और नेता बंद बाड़ों में। लोकतंत्र में जनता को आज़ाद होना चाहिए और नेताओं को जवाबदेह, लेकिन यहाँ जनता इंतजार करती है और नेता सुरक्षा में रखे जाते हैं।

# कर्तव्य, अनुशासन और नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं आईजी विकास वैभव : डॉ. निर्मल कुशवाहा

लोकतंत्र की आवाज



**डेहरी ओन सोन।** जदयू के वरिष्ठ नेता एवं शाहाबाद क्षेत्र के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने मगध रेंज के पुलिस महानिरीक्षक विकास वैभव को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आईजी विकास वैभव कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और प्रभावी नेतृत्व के सशक्त प्रतीक हैं तथा समाज की सुरक्षा और सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें एक विशिष्ट पहचान प्रदान करती है।

डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव द्वारा संचालित "Let's Inspire Bihar" अभियान ने बिहार ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों के लोगों को प्रेरणा और सकारात्मक बदलाव के लिए एक मंच प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे हैं और शिक्षा, सामाजिक जागरूकता तथा जनसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विकास वैभव की पहल पर संचालित "गार्गी पाठशाला" समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों तक शिक्षा पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है। वर्तमान में राज्य के 19 जिलों में 37 निःशुल्क शिक्षा केंद्र संचालित हैं, जो एक शिक्षित, जागरूक और सशक्त बिहार के निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं।

डॉ. कुशवाहा ने कहा कि शिक्षा ही सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम है और इस दिशा में विकास वैभव का योगदान प्रेरणादायी है। उन्होंने लोगों से इस मुहिम को और व्यापक बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि गया स्थित पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याओं और शिकायतों के समाधान के लिए पहुंचे थे। जनसुनवाई में आईजी विकास वैभव ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा प्राप्त आवेदनों के त्वरित, निष्पक्ष और प्रभावी निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

डॉ. कुशवाहा ने कहा कि विकास वैभव के निर्देश पर विभिन्न थानों में "लोक संवाद गोष्ठी" का सफल आयोजन किया जा रहा है। यह सामुदायिक पुलिसिंग की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने विकास वैभव के रोहतास जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में किए गए कार्यों को भी याद किया। उन्होंने कहा कि रोहतास किला पर तिरंगा फहराने, सुदूर पहाड़ी क्षेत्रों में सोन महोत्सव के आयोजन तथा समाज के भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने जैसे अनेक कार्य उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि एक समय उग्रवाद प्रभावित रहे रोहतास जिले को नक्सलवाद से मुक्त बनाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है।

उन्होंने कहा कि विकास वैभव का मूल सिद्धांत रहा है कि "दोषी कभी बचे नहीं और निर्दोष कभी फंसे नहीं", यही सोच उन्हें एक संवेदनशील, जनोन्मुखी और प्रभावी पुलिस अधिकारी के रूप में स्थापित करती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में समाज और प्रशासन के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत होगा।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूकता अभियान

लोकतंत्र की आवाज

**बिक्रमगंज।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को रसायनमुक्त कृषि के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आगामी 18 जून को कृषि विज्ञान केंद्र (केविके) बिक्रमगंज के धनगाई स्थित शैक्षणिक प्रक्षेत्र में जिला स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा । यह कार्यशाला अपराह्न 11 बजे से प्रारंभ होगी । कार्यक्रम का आयोजन निदेशक बामेती बिहार पटना के पत्रांक 171/बामेती/2026/1706 दिनांक 6 जून 2026 के आलोक में जिला कृषि पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आत्मा रोहतास के निर्देश पर किया जा रहा है ।

कार्यशाला में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से प्राकृतिक खेती से जुड़े किसान, कृषि विशेषज्ञ,कृषि विभाग के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित लोग भाग लेंगे ।कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व,इसके आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों तथा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने के उपायों की विस्तृत जानकारी देना है । साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा,जिससे खेती की लागत घटे और मिट्टी की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य का भी संरक्षण हो सके ।केविके बिक्रमगंज के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ. रविंद्र कुमार जलज ने बताया कि प्राकृतिक खेती वर्तमान समय की आवश्यकता बन चुकी है । यह न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक है,बल्कि पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ कृषि व्यवस्था को भी मजबूत करती है । उन्होंने जिले के अधिक से अधिक किसानों से कार्यशाला में भाग लेकर प्राकृतिक खेती की नवीन तकनीकों और लाभों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है ।

### फाइनल नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट मे बहोरनापुर ने कथुआ को हराया

लोकतंत्र की आवाज

कोचस। प्रखंड क्षेत्र के अगरसीडिहरा पंचायत के निमिया में फाइनल नाईट क्रिकेट टूर्नामिंट में बहोरनापुर ने कथुआ को हरा कप अपने नाम कर लिया है। फाइनल मैच का उद्घाटन कोचस जदयू के प्रखंड अध्यक्ष हरिहर सिंह ने किया। कमेटी के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि निमिया मे निमिया प्रीमियर लीग के बैनर तले नाइट क्रिकेट टूर्नामिंट मैच का आयोजन किया गया था, जहां बहोरनापुर और कथुआ के टिम फाइनल मे अपना जगह बना था, जबकि बीती रात उक्त दोनो टीम खेली जिसमे कथुआ ने टॉस जीत कर बहोरनापुर को दिया, बहोरनापुर ने 61 रनो का पारी खेल कथुआ के जीत के लिए 62 रनो का टारगेट दिया, लेकिन कथुआ की टीम ने 40 रनो पर जाकर ऑल आउट हो गई और बहोरनापुर की टीम ने ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया।

# सैकड़ों जगहों पर है बालू का अवैध भंडारण ,जिले में महज 25 को मिली है लाइसेंस

लोकतंत्र की आवाज

**संवाददाता अशोक कुमार**

**शिवसागर।** जिले में 15 जून से 15 अक्टूबर तक सभी बालू घाटों के बंद रहने की अवधि शुरू होने से पहले ही बालू भंडारण की होड़ मच गई है। खनन विभाग के निर्देश के अनुसार बंदोबस्त बालू घाटों से 300 मीटर की परिधि में ही बालू स्टॉक किया जा सकता है। वहीं अन्य स्थानों पर बालू भंडारण के लिए विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य है। इसके बावजूद जिले में बड़े पैमाने पर बिना लाइसेंस के बालू भंडारण किया जा रहा है।

**खनन विभाग की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल, सड़क किनारे जमा बालू से बढ़ रहा हादसों का खतरा**

खनन विभाग के आंकड़ों के अनुसार रोहतास जिले में अब तक मात्र 25 लोगों के पास बालू भंडारण का लाइसेंस प्राप्त किया है, जबकि जिले के विभिन्न प्रखंडों और प्रमुख मार्गो के किनारे सैकड़ों स्थानों पर अवैध रूप से बालू स्टॉक किया गया है। कई जगहों पर मुख्य सड़कों के किनारे ही बड़े पैमाने पर बालू जमा कर दिया गया है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बालू की लोडिंग और अनलोडिंग के दौरान बड़ी मात्रा में बालू सड़क पर फैल जाता है। इससे सड़क फिसलन भरी हो जाती है और आए दिन दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार होते हैं। कई मामलों में लोगों की जान तक चली गई है,इसके बावजूद अवैध भंडारण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी है।

जिले में खुलेआम हो रहे अवैध बालू भंडारण को लेकर खनन विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग की जानकारी के बिना इतने बड़े पैमाने पर बालू स्टॉक संभव नहीं है। हालांकि विभाग का दावा है कि अवैध कारोबारियों पर नजर रखी जा रही है। इस संबंध में सहायक खनन निदेशक रणधीर कुमार सिंह ने बताया कि अधिक से अधिक लोगों को लाइसेंस लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके लिए विभागीय कार्यालय में शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बालू भंडारण करने वालों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# 12साल बे मिशाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यकाल, पूजा-अर्चना की

लोकतंत्र की आवाज



**बिक्रमगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सेवक के रूप में 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार की सुबह नगर भाजपा द्वारा आरा-सासाराम मुख्य मार्ग स्थित डीएसपी कार्यालय के समीप शिव मंदिर परिसर में श्रद्धा और उत्साह के साथ विशेष पूजा- अर्चना एवं हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भगवान भोलेनाथ की आराधना कर प्रधानमंत्री के स्वस्थ,दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना की ।हवन-पूजन के दौरान पूरे मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार गूंजता रहा । भाजपा नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बीते 12 वर्षों में विकास, सुशासन,आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है । गरीब कल्याण,आधारभूत संरचना,डिजिटल क्रांति और जनहितकारी योजनाओं के माध्यम से देश के हर वर्ग तक विकास का लाभ पहुंचाने का कार्य किया गया है । वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री का नेतृत्व देश को नई दिशा देने के साथ-साथ विश्व पटल पर भारत की पहचान को और मजबूत करने का कार्य कर रहा है ।इसी भावना के साथ कार्यकर्ताओं ने उनके उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन के लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की ।कार्यक्रम में भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मदन प्रसाद वैश्य,जिला मंत्री सतेंद्र दुबे,नगर अध्यक्ष पंकज सिंह,जिला प्रवक्ता नवीन चंद्र साह,सुदर्शन प्रसाद, शारदा पांडेय,राजीव रंजन सिंह, योगेंद्र मिश्रा,दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे ।

## त्योहार से पहले हर बार वही समस्याएं, जनता ने उठाए व्यवस्था पर सवाल

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम ।** सासाराम की जनता का कहना है कि हर पर्व-त्योहार से पहले आयोजित शांति समिति की बैठकों में पानी, बिजली और सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं को बार-बार उठाना पड़ता है, लेकिन धरातल पर अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं देता। लोगों का मानना है कि ये समस्याएं केवल पर्वों के समय की नहीं, बल्कि रोजमर्रा की हैं, जिनका स्थायी समाधान होना चाहिए।

स्थानीय लोगों का सवाल है कि जब शहर में प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहते हैं, तो क्या उन्हें इन समस्याओं की जानकारी नहीं है? यदि नियमित रूप से निगरानी और कार्यवाही होती, तो हर बार शांति समिति की बैठक में एक ही मुद्दों को दोहराने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बिजली व्यवस्था को लेकर भी लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। नागरिकों का कहना है कि यदि शहर में चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड बिजली के तार बिछाने की योजना पर काम किया जाए, तो आंधी-बारिश और पर्वों के दौरान बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं में काफी कमी आ सकती है।

लोगों का यह भी कहना है कि पर्वों के नाम पर अस्थायी व्यवस्थाओं पर खर्च करने के बजाय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि जनता को स्थायी राहत मिल सके। उनका मानना है कि यदि विकास कार्य धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें, तो लोगों में असंतोष की स्थिति भी कम होगी। स्थानीय नागरिकों ने जिलाधिकारी और संबंधित विभागों से इन मूलभूत समस्याओं पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए दीर्घकालिक और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की मांग की है।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से बिजली बिल होगा कम, मार्च 2027 तक करें आवेदन

लोकतंत्र की आवाज

**सासाराम।** आम उपभोक्ताओं को स्वच्छ ऊर्जा से जोड़ने और बिजली खर्च में राहत देने के उद्देश्य से विद्युत विभाग द्वारा केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है । इस योजना तहत उपभोक्ता अपने घरों में सोलर पैनल स्थापित कर न केवल बिजली बिल में उल्लेखनीय कमी ला सकते हैं,बल्कि लंबे समय तक मुफ्त बिजली का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं । विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि यह योजना आम उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत ही लाभकारी होने के साथ-साथ भविष्य की ऊर्जा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए भी काफी महत्वपूर्ण है । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा सोलर संयंत्र लगाने पर आकर्षक अनुदान (सब्सिडी) उपलब्ध कराया जा रहा है,जिससे उपभोक्ताओं पर आर्थिक बोझ काफी कम हो जाएगा ।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने की अंतिम तिथि मार्च 2027 निर्धारित की गई है ।इसलिए उपभोक्ताओं से अपील की जाती है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन कर योजना का लाभ प्राप्त करें ।उन्होंने जानकारी दी कि योजना तहत 1 किलोवाट सोलर संयंत्र पर 30,000, 2 किलोवाट पर 60,000 तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता पर 78,000 तक की सब्सिडी उपलब्ध कराई जा रही है ।इससे उपभोक्ता कम लागत में अपने घरों की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा कर सकेंगे । उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सोलर पैनल लगाने के लिए बैंकों द्वारा लगभग 7 प्रतिशत ब्याज दर पर 2 लाख तक का ऋण भी उपलब्ध कराया जा रहा है । ऋण भुगतान की अवधि उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तय की गई है ।शहरी क्षेत्रों में ऋण की वसूली 4 से 5 वर्षों में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 7 से 8 वर्षों में की जाएगी । उन्होंने बताया कि उपभोक्ता अपनी मासिक बिजली खपत के आधार पर उपयुक्त क्षमता वाले सोलर संयंत्र का चयन कर सकते हैं ।

150 यूनिट प्रतिमाह तक बिजली खपत वाले उपभोक्ताओं के लिए 1 किलोवाट, 300 यूनिट तक खपत वालों के लिए 2 किलोवाट तथा 300 यूनिट से अधिक खपत करने वाले उपभोक्ताओं के लिए 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता का सोलर संयंत्र उपयुक्त माना गया है ।उन्होंने कहा कि सोलर पैनल से उत्पादित बिजली का उपयोग घरेलू कार्यों में किया जा सकता है । यदि बिजली उत्पादन उपभोक्ता की आवश्यकता से अधिक होता है,तो अतिरिक्त बिजली को ग्रिड में भेजकर बिजली बिल में समायोजित कराया जा सकता है ।इससे उपभोक्ताओं को अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त होगा । सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रति किलोवाट लगभग 100 वर्गफुट स्थान की आवश्यकता होती है ।उचित रखरखाव के साथ सोलर पैनल लगभग 25 वर्षों तक प्रभावी रूप से कार्य कर सकते हैं । इससे न केवल बिजली बिल में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को भी बढ़ावा मिलेगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### कतरास आकाश किनारी गोलीबारी कांड: 19 अपराधियों पर जिला निष्कासन की तैयारी



लोकतंत्र की आवाज
झारखंड। धनबाद के आकाश किनारी में हुई गोलीबारी तथा मारपीट की घटना में धनबाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई आरंभ कर दी है। कतरास पुलिस ने फरार अपराधियों अनिक यादव, दिलीप यादव, बिनोद यादव, वीरेन्द्र उर्फ छिला यादव, विक्रम यादव, कन्हैया यादव, कारू उर्फ करण यादव, नंदू यादव, राजीव यादव, चंदन यादव, श्रवण यादव सहित कुल उन्नीस अपराधियों के नाम गुंडा पंजी में दर्ज करने तथा अपराध नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई कर उन्हें जिले से बाहर करने का प्रस्ताव भेज दिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को गंभीर मानते हुए राज्य सरकार तथा गृह विभाग को कड़ी अनुशंसा भेजी है। पुलिस का विचार है कि इन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय संगठित अपराधिक गिरोहों पर बड़ा प्रभाव पड़ेगा। कतरास पुलिस ने आकाश किनारी क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों का विवरण संग्रह तैयार करना आरंभ कर दिया है। पूर्व के मामलों में आरोपित अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है तथा उनके नाम गुंडा पंजी में दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार से स्वीकृति मिलते ही आकाश किनारी कांड में शामिल अपराधियों पर अपराध नियंत्रण अधिनियम लागू कर उन्हें जिले से निष्कासित कर दिया जाएगा। वहीं आकाश किनारी, कैलुडीह तथा आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है जिससे अपराधियों के मनोबल को तोड़ा जा सके। पुलिस का संदेश स्पष्ट है — अपराध तथा आतंक फैलाने वालों के विरुद्ध अब निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेम प्रसंग में युवती ने की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
हंटरगंज (चतरा)। हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत अंतर्गत गंगटा गांव में गुरुवार सुबह एक 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान गंगटा गांव निवासी आसमा खातून के रूप में हुई है। घटना की सूचना ग्रामीणों ने हंटरगंज थाना पुलिस को दी, जिसके बाद एसआई राजेंद्र नाथ मुंडा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। परिजनों के अनुसार, युवती का पिछले लगभग दो वर्षों से एक युवक के साथ प्रेम संबंध था। मृतका के पिता मोहम्मद खालिक ने बताया कि उनकी बेटी युवक से विवाह करना चाहती थी, लेकिन युवक और उसके परिजन इसके लिए तैयार नहीं थे। इस संबंध में हाल ही में पंचायत में आयोजित की गई थी, जहां युवक द्वारा विवाह से इनकार किए जाने के बाद युवती मानसिक तनाव में थी। पिता ने आरोप लगाया कि सामाजिक बदनामी और मानसिक दबाव के कारण उनकी बेटी ने यह कदम उठाया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### झामुमो कार्यकर्ता एसआईआर को लेकर तैयार रहें



लोकतंत्र की आवाज
धनबाद कतरास
ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।
एसआईआर को लेकर धनबाद से टाउन हॉल में बुधवार को झामुमो का बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में पार्टी के केंद्रीय सचिव विनोद पांडे, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो सहित कई वरिष्ठ नेता व पार्टी पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता व बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) शामिल हुए। कार्यशाला में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने, पात्र मतदाताओं की पहचान, दस्तावेजों के सत्यापन व बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका की चर्चा की गई। केंद्रीय सचिव विनोद पांडे ने कहा कि राज्य में 30 जून से शुरू होने वाले एसआईआर के मद्देनजर पार्टी ने पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि किसी भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में छूटना नहीं चाहिए, इसका पूरा ख्याल रखें। बूथ स्तर के कार्यकर्ता पार्टी व जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। साथ ही मतदाताओं को पुनरीक्षण प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कार्यकर्ताओं को संगठन की नीतियों और कार्यक्रमों को आम लोगों तक पहुंचाने व जनसंपर्क को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की सफलता का आधार होता है।

### धनबाद राजद जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र यादव के नेतृत्व में केक काटकर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का मनाया गया 79वां जन्मदिन!



लोकतंत्र की आवाज
धनबाद कतरास
ब्यूरो चीफ, पप्पु गुप्ता।
धनबाद जिला राष्ट्रीय जनता दल की ओर से राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव की 79वां जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजद जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया के राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव का आज 79वां जन्मदिन बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि हमारी भी उम्र लालू प्रसाद यादव को लग जाए! उनकी लंबी उम्र के लिए भी कामना की गई। राजद नेता हातिम अंसारी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लालू प्रसाद यादव की जन्मदिन बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। साथ ही तमाम देशवासियों एवं झारखंड वासियों को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं। जिन्होंने दलित सूचित अल्पसंख्यक वर्ग के लिए हमेशा लड़ाई लड़ा और उनका हक और अधिकार दिलाने का काम किया। लालू प्रसाद यादव किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव, हातिम अंसारी, गुलशन खातून, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार समेत सैकड़ों राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# छऊ नृत्य के उस्ताद परीक्षित महतो ने चंदनकियारी के माटी की कला को दिलाया है राष्ट्रीय सम्मान. पर सरकार का उनके उत्थान पर नहीं है कोई ध्यान

**खुद तंगहाली में रहकर छऊ लोकनृत्य के संरक्षण में खपा रहें हैं जीवन, राज्य व जिला जिला प्रशासन से मदद की आस**

लोकतंत्र की आवाज





**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** माटी की खुशबू को जिसने आसमान तक पहुँचाया है, अपनी कला के दम पर जिसने झारखंड का मान बढ़ाया है। घूंघरू बांधे पैरों में, जब उनकी कला का सैलाब आता है, तब गाँव की पगडंडी का सफर, सीधा राष्ट्रपति भवन पहुंच जाता है।

जी हाँ, झारखंड की माटी में कला और संस्कृति की सुगंध रची-बसी है, जिसे यहाँ के समर्पित साधकों ने अपनी अटूट निष्ठा से जीवंत रखा है। इसी गौरवशाली परंपरा को राष्ट्रीय पटल पर एक नई ऊंचाई देने का काम बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड स्थित खेड़ाबेड़ा गांव के रहने वाले प्रतिष्ठित छऊ नर्तक परीक्षित महतो ने किया है। कला के प्रति उनकी अनवरत साधना को उस समय देश का नामचीन सम्मान मिला, जब उन्हें नई दिल्ली में आयोजित एक गरिमामयी समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों द्वारा देश के सबसे प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार' से नवाजा गया। वर्ष 1966 में एक साधारण कुड़मी कृषक परिवार में जन्मे परीक्षित महतो का यह सफर उनके व्यक्तिगत संघर्षों की विजय तो है कि साथ ही यह पूरे चंदनकियारी और झारखंड राज्य के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवशाली क्षण भी है। यह सम्मान इस बात का साक्षात प्रमाण है कि यदि कला के प्रति समर्पण सच्चा हो, तो ग्रामीण आंचल की पगडंडियों से शुरू हुआ सफर भी देश के सर्वोच्च शिखर तक पहुँच सकता है।

परीक्षित महतो के इस मुकाम तक पहुँचने की कहानी बेहद प्रेरणादायक और संघर्षों से भरी रही है। बचपन से ही छऊ कला और फुटबॉल खेल के प्रति गहरा रुझान रखने वाले परीक्षित ने महज पांच वर्ष की उम्र से अपनी प्रारंभिक शिक्षा की शुरुआत की थी। वर्ष 1982 में मैट्रिक और उसके बाद चास कॉलेज से इंटरमीडिएट की पढ़ाई के दौरान ही उनके भीतर की कला ने एक बड़ा आकार लेना शुरू कर दिया था। अपनी संस्कृति को आगे बढ़ाने की धुन इस कदर सवार थी कि उन्होंने वर्ष 1983 में महज सत्रह-अठारह साल की उम्र में तीस से चालीस स्थानीय युवाओं को एकजुट कर स्वयं एक छऊ पार्टी का गठन किया। तब से लेकर आज तक बीते चार दशकों से भी अधिक समय से उनकी यह छऊ मंडली निरंतर सक्रिय है और लोक कला का परचम लहरा रही है। उन्होंने छऊ नृत्य की बारीकियां इस विधा के महान उस्ताद स्वर्गीय धनंजय महतो और गंभीर सिंह मुण्डा जैसे दिग्गजों से सीखीं। कला को ही अपनी आजीविका और जीवन का एकमात्र ध्येय मानने वाले परीक्षित महतो ने कृषि कार्य के साथ-साथ इस पारंपरिक नृत्य को अपने जीवन का आधार बनाए रखा।

छऊ नृत्य की मानभूम शैली के विकास और संरक्षण में उनका योगदान अतुलनीय है। पौराणिक और ऐतिहासिक गाथाओं को जीवंत करने की उनकी कला अद्भुत है, जिसे उन्होंने गणेश वन्दना में कार्तिक, महिषासुर वध में महिषासुर, बिरसा मुण्डा, अभिमन्यु, महिरावण और किरात अर्जुन में किरात कृष्णा जैसी कालजयी भूमिकाओं के माध्यम से मंच पर उतारा है। अपनी इस अद्भुत अभिनय और नृत्य क्षमता के बल पर उन्होंने देश के कोने-कोने में इस लोक कला का प्रदर्शन किया। उनके इस समर्पण को समय-समय पर विभिन्न प्रतिष्ठित मंचों द्वारा सराहा भी गया। जिसमें वर्ष 1991 में निरसा में मिला बेस्ट उस्ताद पुरस्कार, 1995 में चास ब्लॉक के भव्य आयोजन में प्राप्त दूरदर्शन पुरस्कार, संस्कार भारती द्वारा लखनऊ और बोकारो में मिले सम्मान और हाल के वर्षों में मिला चंदनकियारी महोत्सव सम्मान शामिल हैं। उन्होंने अपने गांव में 'घोषाल कृषि मंगल छऊ नृत्य समिति' की स्थापना कर इस विधा को एक संगठित स्वरूप दिया, जिसके माध्यम से देश के बड़े-बड़े मंचों पर झारखंड की सांस्कृतिक सुवास पहुँची।

आज के इस आधुनिक दौर में, जहाँ युवा पीढ़ी अपनी पारंपरिक जड़ों से दूर होती जा रही है वहीं परीक्षित महतो चंदनकियारी स्थित 'राष्ट्रीय छऊ नृत्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र' में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभा रहे हैं। यह वही केंद्र है जिससे संबंधित सवाल कौन बनेगा करोड़पति में अमिताभ बच्चन पूछ चुके हैं। परीक्षित महतो नई पीढ़ी के युवाओं को इस ऐतिहासिक नृत्य शैली की बारीकियां और तकनीकी ज्ञान पूरी शिद्दत से सिखा रहे हैं, ताकि पूर्वजों की यह अनमोल धरोहर समय के थपेड़ों में कहीं खो न जाए। संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार के रूप में उन्हें मिली सम्मान राशि, ताम्रपत्र और अंगवस्त्रम वास्तव में उनकी इसी निस्वार्थ कला-साधना का प्रतिफल है। परीक्षित महतो को मिला यह राष्ट्रीय गौरव न केवल छऊ नृत्य के सुनहरे भविष्य की उम्मीद जगाता है, बल्कि यह इस बात को भी रेखांकित करता है कि लोक कलाएं ही किसी समाज की वास्तविक पहचान होती हैं और उनका संरक्षण करना हम सभी का परम कर्तव्य है।

परीक्षित महतो अपने जीवन को लोककला छऊ के संरक्षण के लिए खपा तो रहें हैं लेकिन उनके खुद के जीवन में संघर्षों की पीड़ा असहनीय है। तंगहाली के बावजूद इनकी हिम्मत, जज्बे और छऊ नृत्य के प्रति असीम प्रेम के उद्‌गार को सलाम करना होगा कि कर्ज़ लेकर भी इन्होंने चंदनकियारी का मान राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाने का काम किया है। झारखंड सरकार, बोकारो जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से उन्होंने अपने वाद्ययंत्र और छऊ मुखौटा रखने के लिए एक अदद भवन की मांग की है साथ ही बीते समय उन्होंने दिल्ली के राजपथ में अपने छऊ नृत्य कला का प्रदर्शन किया लेकिन अबतक राशि की भुगतान नहीं हुई है। ऐसे में जरूरत है ऐसे कलाकारों को समेकित रूप से मिलकर सहयोग और संबल प्रदान करने की ताकि उनकी कला का परचम देश दुनिया में लहराता रहें और चंदनकियारी सहित संपूर्ण झारखंड का मान बढ़ता रहें।

अब देखना भविष्य के गर्भ में है कि ऐसे कलाकार और कला के संरक्षण के लिए सरकार, प्रशासन और जनप्रतिनिधि आगे आते है या भी वही ढाक के तीन पात वाली कवाहत चरितार्थ होगी और इनकी जिंदगी तंगहाली में ही गुजर जाएगी। कुछ भी हो लेकिन परीक्षित महतो के छऊ नृत्य के प्रति जुनून को हम सलाम करते हैं और अंत में दो पंक्तियां उनके लिए प्रस्तुत करते हैं । जड़ों से जुड़े रहकर जो इतिहास रचते हैं, वही सदियों तक लोगों के दिलों में बसते हैं।उक्त बक्तबय रंजन चौधरी, सांसद मीडिया प्रतिनिधि, हजारीबाग संसदीय ने दिया ।

## धनबाद बाघमारा में श्रमिक कॉलोनी में बीती रात तेज आंधी तूफान में दो तीन जगह बहुत पुराना पीपल वृक्ष गिर जाने से काफी क्षती हुई हैं



लोकतंत्र की आवाज़
धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** बाघमारा विधानसभा अंतर्गत माटीगढ़ एवं माटीगढ़ डेम श्रमिक कॉलोनी में बीती रात तेज आंधी तुफान में दो तीन जगह बहुत पुराना पिपल वृक्ष एक श्रमिक के आवास पर गिर जाने से काफी क्षती हुई है जिसकी सुचना मिलते ही धनबाद के जनप्रिय सांसद माननीय श्री ढुल्लु महतो जी माटीगढ़ पहुंच ब्लॉक २ क्षेत्र के G.M. से दुरभाष के माध्यम से वात कर अविलंब सभी जगह गिरे वृक्ष की कटाई करवाने का दिशा निर्देश दिए।।

## बालीडीह में पुलिस संरक्षण में नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार, नशीले पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो को शिकायत

लोकतंत्र की आवाज



**बोकारो (झारखंड)।** झारखंड के बोकारो जिले के बालीडीह थाना क्षेत्र के औद्योगिक इलाके में गांजा, चरस और हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों की तस्करी तथा खुलेआम बिक्री की गंभीर शिकायत सामने आई है। शिकायत के अनुसार इस नेटवर्क का संबंध बिहार के सासाराम, झारखंड के जमशेदपुर तथा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया क्षेत्र से है। 11 जून 2026 को शिकायतकर्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस महानिदेशक तदाशा मिश्रा से मुलाकात का प्रयास किया। मुलाकात न हो पाने पर उन्होंने उनके कार्यालय में लिखित आवेदन सौंप दिया और उसकी रिसीविंग प्राप्त कर अन्य अधिकारियों को सूचना देते दिखे थे। अब केंद्रीय नशीले पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो को भी इस मामले की सूचना दी गई है। शिकायत में विशेष जांच दल गठित कर पूरे नेटवर्क के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ताओं की टीम द्वारा तैयार की गई गुप्त वीडियो रिकॉर्डिंग में एक व्यक्ति यह कहते सुना गया कि "दस जगहों पर रुपये देने के बाद यहां नशा बेचा जा रहा है।" 11 जून 2026 को बोकारो में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई थी। जिला विकास पदाधिकारी शताब्दी मजूमदार ने युवाओं को नशे से बचाने के लिए व्यापक जनजागरूकता और सामूहिक सहभागिता पर जोर दिया। 11 से 2026 तक पूरे जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा।

किसान संग्राम समिति की युवा नेत्री सुश्री सोनिया कुमारी मुर्मू ने मीडिया से बात करते हुए बालीडीह थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सूचना देने पर भी नशे के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जाती और सूचना देने वालों के नाम पुलिस प्रशासन द्वारा उजागर कर दिए जाते हैं इसलिए अब हम लोगों ने कमर कस लिया है अगर कोई घटना घटेगी तो इसका जिम्मेदार बोकारो जिला प्रशासन होगा। सुश्री मुर्मू ने बताया कि विधानसभा सत्र में विधायक यह प्रश्न पूछेंगे कि नशा मुक्ति अभियान में झारखंड सरकार ने कितना धन खर्च किया और प्राप्त सूचनाओं पर कितनी कार्रवाई की गई।

उन्होंने आरोप लगाया कि बालीडीह थाना क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों का कारोबार थाना के संरक्षण में फल-फूल नहीं रहा है इसे कहना कदापि उचित नहीं होगा तथा अपराध के खिलाफ आवाज उठाने वालों के विरुद्ध भ्रष्ट पुलिस अधिकारी द्वारा षड्यंत्र रचा जाता है। सुश्री मुर्मू ने कहा कि किसान संग्राम समिति का लीगल टीम ने अब जड़ से इस कारोबार को खत्म करने के लिए नशीले पदार्थ नियंत्रण ब्यूरो को सूचना दी है और अब इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## कारतूस के सौदे में हुआ था प्रमोद का कत्ल, राजपुर पुलिस को माइंडमास्टर को पकड़ कर सफलता प्राप्त की, शव छुपाने में प्रयुक्त सामान भी बरामद

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** जिला अंतर्गत राजपुर थाना पुलिस ने सनसनीखेज प्रमोद हत्याकांड का महज कुछ ही दिनों के भीतर उद्भेदन कर दिया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के मुख्य साजिशकर्ता (माइंडमास्टर) समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि घटना में संलिप्त एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। यह पूरी वारदात अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री और कारतूस के लेनदेन के विवाद से जुड़ी हुई थी। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) सन्नी वर्धन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि पुलिस की एक विशेष टीम ने तकनीकी इनपुट और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित छापेमारी कर आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की है। सुनील कुमार पिता- बैजनाथ सिंह, निवासी- पथेल गांव, राजपुर) सुनील कुमार (पिता- विकास सिंह भोगता, राजपुर) एक विधि विरुद्ध बालक (नाबालिग, जिसे बाल सुधार गृह भेजा जा रहा है)

**पुलिस द्वारा की गई बरामदगी:** पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर घटनास्थल और उनके पास से ठोस साक्ष्य बरामद किए हैं: 07 पीस जिंदा कारतूस (जो विवाद और हत्या की मुख्य वजह बने), हत्या में प्रयुक्त एक गमछा और रस्सी का टुकड़ा, अभियुक्तों के पास से 03 एंड्रायड मोबाइल फोन, मृतक प्रमोद का मोबाइल फोन (जिसे आरोपी वारदात के बाद ले भागे थे)

**लेनदेन के विवाद में घोंटा गला, साक्ष्य छुपाने का प्रयास:** एसडीपीओ सन्नी वर्धन ने बताया कि सौदे के दौरान पैसों के भुगतान या माल के हिस्से को लेकर दोनों पक्षों में तीखी बहस हो गई और उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। साक्ष्य छुपाने की नीयत से शव को ठिकाने लगाने का प्रयास भी किया गया था। राजपुर पुलिस अब इस गिरोह के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही है।

## लोयाबाद कांड को लेकर गरमाई सियासत, रजनी रवानी के समर्थन में सड़क पर उतरा आजसू

लोमत की आवाज़



धनबाद कतरास
**ब्योरो चीफ, पप्पु गुप्ता।** धनबाद के टुंडी मै चर्चित लोयाबाद प्रकरण को लेकर राजनीतिक माहौल लगातार गर्माता जा रहा है। आजसू नेत्री रजनी रवानी को कथित रूप से झूठे मामले में फंसाकर जेल भेजे जाने के विरोध में टुंडी में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने विशाल मशाल जुलूस निकालकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। टुंडी थाना मोड़ से निकाले गए करीब एक किलोमीटर लंबे मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथों में जलती मशालें लेकर शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने रजनी रवानी की गिरफ्तारी को अन्यायपूर्ण बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और तत्काल रिहाई की मांग की।

प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए तिवारी महतो ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है और राज्य में गुंडाराज कायम हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्दोष लोगों को निशाना बनाया जा रहा है और राजनीतिक द्वेष के तहत कार्रवाई की जा रही है। मांडू विधायक ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि रजनी रवानी मामले की निष्पक्ष जांच कर उन्हें जल्द रिहा नहीं किया गया तो आजसू पार्टी बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी। इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने में संतोष कुमार महतो, भास्कर ओझा, रामचंद्र राणा, प्रेम किशन सिन्हा, सोनू मंडल, मिथुन मंडल, परितोष चौधरी, पप्पू मंडल, करण महतो, पवन पांडेय तथा सोनाराम महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कहा कि आजसू पार्टी जनता के अधिकारों और न्याय की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी तथा किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय होने पर सड़क से सदन तक आवाज उठाएगी।

## चतरा : घर के सामने वृद्ध को टक्कर मारकर कोल वाहन हुआ फरार

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चतरा।** टंडवा- सिमरिया मुख्य सड़क का निर्दोष इंसानों के खून से लाल होना नहीं थम रहा है।देर रात धनगड़ा के 75 वर्षीय माधो साव कोयला लदे तेज रफ्तार वाहन द्वारा घर के सामने कुचले जाने से उनकी मौत सड़क में हीं हो गई, जबकि वाहन मौके से फरार हो गया। लोगों का मानना है कि लगातार ऐसे घटनाओं में वृद्धि हुई है जहां अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो जाते हैं।

इस तरह की घटनाओं को दुर्घटना नहीं बल्कि हत्या के आपराधिक कृत्य मानकर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई होनी चाहिये।बंद कमरों में सड़क दुर्घटना नियंत्रण के लिये ट्रांसपोर्टरों और कुछ कथित छुटभैये नेताओं के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की भी बैठकें होने की लगातार चर्चा और गहरा संदेह जाहिर होता रहा है। ऐसे में,अगर प्रशासनिक स्तर से तमाम प्रयासों के बाद भी गति नियंत्रण एवं अनियंत्रित परिचालन से कोल वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनायें रुकने के बजाय अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है।लोग जानना चाहते हैं कि डीटीओ या अन्य संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही और ऐसे मामलों में क्या भूमिका है!? इसपर उचित मूल्यांकन और ठोस आश्वासन आमजनों को मिलें। खाशकर, बड़का प्रतिनिधि स्थानीय विधायक एवं सांसद को आमजनों के बीच आना चाहिए जहां उनके द्वारा किये गये स्थाई समाधान के प्रयासों को विस्तार से रखना चाहिए। बहरहाल ,आक्रोशित ग्रामीण जबाबदेह लोगों की बाट जोहते हुवे सड़क में संघर्ष कर रहे हैं।

## गिरिडीह जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर विचार

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ गिरिडीह**
**झारखंड (2026.06.12)।** जिला स्वास्थ्य समिति (डीएचएस) के उपयुक्त पदेन अध्यक्ष होते हैं तथा सिविल सर्जन मेंबर सेक्रेटरी होते हैं कार्बन रिसोर्सेस जैसी फैक्ट्री से बीमारी का डेटा भी यहां देखा जा सकता है सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला स्वास्थ्य समिति वास्तव में जिला की एक वृहद जिम्मेवार एवं कठिन कार्य में अपनी भूमिका निभाने में पूर्ण रूपेण सक्षम है लेकिन गिरिडीह जिला स्वास्थ्य समिति यदि गंभीरता के साथ कार्य करती तो गिरिडीह सदर अस्पताल में सालों से खाली रेडियोलॉजिस्ट के पद यूं ही खाली पड़े नहीं रहते और अल्ट्रासाउंड करवानें के लिए लोगों को प्राइवेट अस्पताल / नर्सिंग होम की तरफ जाना नहीं पड़ता ।जो भी हो आने वाले समय में यह उम्मीद की जानी चाहिए की समिति अपने पुराने कमियों को दूर कर नए रूप में कार्य करने उतरेगी क्योंकि उपायुक्त, श्री रामनिवास यादव ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की। बैठक में जिले में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति, मानव संसाधन की उपलब्धता एवं रिक्त पदों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, श्रीमती स्मृता कुमारी, सिविल सर्जन, डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, उपाधीक्षक सदर अस्पताल सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन डॉ. बच्चा प्रसाद सिंह ने उपायुक्त को अवगत कराया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत सदर अस्पताल एवं विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों में कुल 101 पद वर्तमान में रिक्त हैं। उन्होंने बताया कि इन रिक्तियों को भरने की दिशा में विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है तथा विभिन्न पदों के लिए रोस्टर स्वीकृति एवं नियुक्ति प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। उपायुक्त ने बैठक में निर्देश दिया कि स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी संचालन एवं आमजनों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि एनएचएम अंतर्गत स्वीकृत सभी 238 पदों के रोस्टर का पुनः परीक्षण एवं आवश्यक रोस्टर क्लियरेंस की प्रक्रिया पूरी की जाए। साथ ही वर्तमान में रिक्त 101 पदों का भी रोस्टर क्लियरेंस शीघ्र प्राप्त कर नियुक्ति प्रक्रिया को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाए। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी औपचारिकताओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करते हुए भर्ती प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनावश्यक विलंब न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियुक्ति प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं नियमानुसार संचालित की जाएगी, ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध हो सके।

बैठक में यह भी बताया गया कि रिक्त पदों में एएनएम, स्टाफ नर्स, ब्लॉक डाटा मैनेजर, फार्मासिस्ट, न्यूट्रिशनल काउंसलर, एसटीएस, डीएमसी-एलटी सहित विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक पद शामिल हैं। इन पदों पर नियुक्ति होने से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, टीबी नियंत्रण कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण कार्यक्रम तथा अन्य स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलेगी। उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें ताकि जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं जनोन्मुख बनाया जा सके तथा आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### नुआंव में पोलियो मुक्त अभियान



**नुआंव।** प्रखंड को पोलियो मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नुआंव कार्यालय में पल्स पोलियो अभियान को लेकर आयोजित बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्ण मुरारी ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से नुआंव को पोलियो मुक्त प्रखंड बनाया जाएगा। बैठक की जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान दो चरणों में चलेगा। ए टीम 28 जून 2026 से 2 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर 5 साल तक के बच्चों को दवा पिलाएगी। बी टीम 4 जुलाई 2026 को बूथ लगाकर छूटे हुए बच्चों को दवा पिलाएगी। बैठक में प्रखंड प्रमुख नुआंव, बीडीओ कृष्ण मुरारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी नुआंव, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नुआंव, प्रखंड परियोजना पदाधिकारी जीविका, महिला प्रवेशिका आईसीडीएस सहित सभी विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया। बीडीओ कृष्ण मुरारी ने कहा कि पोलियो मुक्त प्रखंड बनाने के लिए शिक्षा विभाग, जीविका, आईसीडीएस और स्वास्थ्य विभाग को मिलकर काम करना होगा। आशा कर्मियों की भूमिका सबसे अहम रहेगी। मौके पर वीडियो कृष्ण मुरारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह, शिक्षा विभाग के ऑपरेटर अनिल कुमार बिंद, आशा फेसिलिटेटर और आशा कर्मी उपस्थित थे।

### करौंदी गांव में आंधी पानी के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से एक महिला झुलसी

**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर :** भभुआ प्रखंड के करौंदी गांव में आंधी पानी के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। आज गुरुवार को सुबह 7 बजे सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि महिला की पहचान सोनहन थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी बजरंग बिंद की 34 वर्षीय पत्नी लालमुनी देवी बताई जाती है। जहां उनके पति ने बताया कि गुरुवार को सुबह में आंधी पानी आया हुआ था। और महिला छत से नीचे उतरकर घर में जाने लगी। तभी बगल से बिजली के कटे हुए तार के संपर्क में आ गई और झुलस गई। जहां परिजनों द्वारा आनंन-फानन में उसे इलाज के लिए भभुआ के सदर अस्पताल लाया गया। वहीं चिकित्सक द्वारा भर्ती कर महिला का इलाज किया जा रहा है।

### यातायात डीएसपी प्रभात रंजन का ट्रांसफर रोकें: आमिर भाई की बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से अपील

**रिपोर्ट अनोज कुमार सिंह मुंगेर/**

**मुंगेर।** यातायात डीएसपी प्रभात रंजन का तीन साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद तबादले की खबर से मुंगेर के युवा भावुक हो गए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से अपील की है कि प्रभात रंजन जी को कम से कम दो साल और मुंगेर में रहने दिया जाए ताकि शहर में बचे हुए काम पूरे हो सकें। आमिर भाई ने कहा, ₹प्रभात रंजन जी का मुंगेर शहर के लिए योगदान हम लोग भुला नहीं सकते। हम सब युवाओं ने उनसे काफी प्रेरणा ली है। उन्हीं के मोटिवेशन से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने बताया कि प्रभात रंजन जी की प्रेरणा से ही आज युवा हाईवे पर केक काटकर जन्मदिन मनाने के बजाय गरीब बच्चों के बीच स्टेशनरी सामान और जरूरतमंदों को भोजन वितरण कर रहे हैं। यह बदलाव प्रभात रंजन जी की वजह से आया है। आमिर भाई ने कहा कि प्रभात रंजन जी का तीन साल का कार्यकाल बेहतरीन रहा। उनके नेतृत्व में सड़क दुर्घटना, साइबर क्राइम पर नियंत्रण और त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। किसी भी नेता-अभिनेता के आगमन पर यातायात रूट की देखरेख हो या अन्य आयोजन, उन्होंने यातायात नियमों को लागू करने में सौ में दो सौ प्रतिशत दिया है।

# रामगढ़ में 'खेत बचाओ अभियान 2026' का शंखनाद: वैज्ञानिक और प्राकृतिक खेती से बढ़ेगी किसानों की आय

**लोकतंत्र की आवाज**

**रामगढ़ (कैमूर)।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार मिट्टी की सेहत सुधारने और किसानों की आमदनी दोगुनी करने के उद्देश्य से प्रखंड में 'कृषि जन कल्याण चौपाल: खेत बचाओ अभियान 2026' की भव्य शुरुआत हो गई है। प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी द्वारा प्रखंड के रामगढ़ स्थित सिसौरा पंचायत के अलीपुर गांव और सदुल्हपुर डरवन पंचायत में दीप प्रज्वलित कर इस विशेष चौपाल का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, कृषि समन्वयक, कृषि सलाहकार और बैंककर्मी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



**लागत होगी कम, पैदावार होगी ज्यादा: अशोक चौधरी:** अलीपुर गांव में आयोजित किसान चौपाल को संबोधित करते हुए अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि 'खेत बचाओ अभियान 2026' का मुख्य लक्ष्य गांवों में चौपाल लगाकर किसानों को टिकाऊ, लाभकारी और वैज्ञानिक खेती के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि यह अभियान पूरे राज्य में 1 जून से 30 जून तक चलाया जा रहा है। इसके तहत मिट्टी जांच (सॉइल टेस्टिंग) और मृदा स्वास्थ्य कार्ड (सॉइल हेल्थ कार्ड) के माध्यम से संतुलित उर्वरक के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि खेतों की उर्वरा शक्ति नष्ट न हो। अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार का विशेष ध्यान अब गोबर, गोमूत्र और बीजामृत आधारित प्राकृतिक खेती पर है। इससे खेती की लागत बेहद कम हो जाएगी, उत्पादन की गुणवत्ता बेहतर होगी और किसानों को अपनी फसलों का अधिक दाम मिलेगा।



**विशेषज्ञों ने दिए वैज्ञानिक खेती के गुर:** चौपाल के दौरान उपस्थित कृषि विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनका मार्गदर्शन किया। उद्यान पदाधिकारी सत्येंद्र चौबे, कृषि समन्वयक प्रभात सिंह, जयप्रकाश सिंह, शैलेंद्र कनौजिया और कृषि सलाहकार विजय नारायण गिरी ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के गुर सिखाए। चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय किसानों ने भाग लिया और कृषि योजनाओं को लेकर अपना सकारात्मक फीडबैक भी साझा किया।

**नोट कर लें शेड्यूल: आपके गांव में कब लगेगी चौपाल?** प्रखंड कृषि सलाहकार समिति के अध्यक्ष ने बताया कि रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र में यह विशेष सघन अभियान 11 जून 2026 से 17 जून 2026 तक लगातार चलेगा। किसानों की सुविधा के लिए आगामी चौपालों का कार्यक्रम इस प्रकार तय किया गया है:

12 जून 2026: महुआरी, ठाकुरा
13 जून 2026: पंचगाई, मेढ़ा
15 जून 2026: अकोढ़ी, सहूका का सुरक्षा
16 जून 2026: बालपुर, लसड़ा
17 जून 2026: लबेदहा, मटियारी

विभागीय अधिकारियों ने क्षेत्र के सभी किसानों से अपील की है कि वे तय तिथि पर अपने-अपने गांवों में आयोजित होने वाली चौपाल में भारी संख्या में पहुंचकर मृदा जांच और सरकारी योजनाओं की जानकारी का लाभ उठाएं।

## कैमूर में मनरेगा कार्यों में लापरवाही पर डीएम का बड़ा एक्शन; 6 पीओ और 72 रोजगार सेवकों का वेतन बंद, मांगा स्पष्टीकरण

**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर।** जिले में सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ जिला प्रशासन ने बेहद कड़ा रुख अख्तियार कर लिया है। जिलाधिकारी (उ्ट) ने मनरेगा कार्यों की समीक्षा के दौरान लक्ष्य से पीछे रहने और कार्य में शिथिलता बरतने के आरोप में 6 कार्यक्रम पदाधिकारी (ढड) और 72 पंचायत रोजगार सेवकों का वेतन/मानदेय तत्काल प्रभाव से स्थगित कर दिया है। इसके साथ ही सभी दोषी कर्मियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण (शो-कॉज) तलब किया गया है।

**लक्ष्य से पीछे रहने पर गिरी गाज:** जिला स्तर पर आयोजित मनरेगा एवं संबंधित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक में अप्रैल और मई 2026 माह के लिए निर्धारित 'प्रोजेक्टेड पर्सनडेज' (ढ१ङ्गीू३ी ढी१२ङ्खल्ल८२) की प्रगति का आकलन किया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि सूचीबद्ध 72 पंचायत रोजगार सेवकों और 6 प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारियों की कार्य उपलब्धि लक्ष्य की तुलना में अत्यंत कम रही। इसे दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

**इन प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारियों पर हुई कार्रवाई:** प्रशासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, जिन 6 प्रखंडों के कार्यक्रम पदाधिकारियों (ढड) का वेतन रोका गया है, उनमें शामिल हैं:

अधौरा
भगवानपुर
मोहनिया
रामगढ़
चांद
दुर्गावती

**24 घंटे में देना होगा जवाब:** जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों और रोजगार सेवकों को 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। आदेश में साफ कहा गया है कि जब तक स्पष्टीकरण का संतोषजनक निष्पादन नहीं हो जाता, तब तक इनका वेतन/मानदेय स्थगित रहेगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की स्थिति में कर्मियों के खिलाफ विभागीय और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाएगी।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं: जिलाधिकारी:** जिलाधिकारी ने कड़ा संदेश देते हुए जिले के सभी अधिकारियों और कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, जवाबदेही और समयबद्धता के साथ करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक समय पर पहुंचना अनिवार्य है। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता, उदासीनता या लापरवाही को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जवाबदेही तय करने के लिए ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस बड़ी कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक महकमे और विकास कार्यों से जुड़े कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया है।

## फर्श पर सोए व्यक्ति को जहरीले सांप ने काटा, गंभीर हालत में वाराणसी रेफर

**लोकतंत्र की आवाज**

**कैमूर:** भगवानपुर प्रखंड के मोकरम गांव में फर्श पर सोए एक व्यक्ति को जहरीले सांप ने काट लिया, जिससे उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों द्वारा पहले झाड़-फूंक कराई गई, लेकिन हालत में सुधार नहीं होने पर उसे सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार भगवानपुर थाना क्षेत्र के मोकरम गांव निवासी सुदर्शन राम के 45 वर्षीय पुत्र मनोज कुमार बुधवार की रात अपने घर में फर्श पर सोए हुए थे। इसी दौरान किसी जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। सांप के काटने के कुछ समय बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और वे अचेत होने लगे। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घबरा गए और तत्काल उन्हें इलाज के बजाय झाड़-फूंक कराने के लिए भगवानपुर क्षेत्र के दवनपुर गांव ले गए। परिजनों के अनुसार काफी देर तक झाड़-फूंक कराई गई, लेकिन मनोज कुमार की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। इसके बाद गुरुवार की सुबह उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति गंभीर बनी रहने के कारण बेहतर इलाज के लिए वाराणसी के हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद परिवार के सदस्यों में चिंता का माहौल है। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय उपचार कराएं, जिससे मरीज की जान बचाई जा सके।

## मोहनिया में युवक की हत्या: नहर के पास मिला शव

**लोकतंत्र की आवाज**



**मोहनिया।** थाना क्षेत्र के बधिनी नहर के पास से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है, जिसकी पहचान भभुआ थाना अंतर्गत नउवां झोटी गांव निवासी शिवकुमार राम के पुत्र शशि कुमार के रूप में हुई है। मृतक के पिता ने बताया मेरे बड़े भाई की बेटी अपनी लड़की का इससे शादी करने के लिए काफी परेशान कर रही थी। उसी के बुलावे पर 9 जून को गया था फिर आज डेड बॉडी मिली है। यह मेरा इकलौता बेटा है। मैं इसका चचेरी बहन की बेटी से इसकी शादी कैसे कराता। इस संबंध में मोहनिया एसडीपीओ गोपाल कृष्णा ने बताया कि सुबह पुलिस को नहर के पास एक लावारिस शव होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया। मृतक के पिता शिव कुमार के बयान के अनुसार, शशि कुमार भभुआ में ही एक कमरा किराए पर लेकर पढ़ाई करता था और वह बीते 9 जून की सुबह करीब 11 बजे से लापता था। पुलिस के मुताबिक, परिजनों ने शव की पहचान कर ली है। फिलहाल हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एफएसएल (ऋरछ) की टीम को जांच के लिए बुलाया गया है। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर आगे की तफ्तीश में जुट गई है।

## कैमूर : ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 पर जनप्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण

**लोकतंत्र की आवाज**



**कैमूर।** नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार सरकार तथा जिला पदाधिकारी कैमूर के निर्देश पर गुरुवार को लिच्छवी भवन, भभुआ में जिले के सभी पांच नगर निकायों–भभुआ, मोहनिया, हाटा, रामगढ़ एवं कुदरा–के जनप्रतिनिधियों के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को नियमावली के विभिन्न प्रावधानों, उनके प्रभावी क्रियान्वयन तथा स्वच्छता प्रबंधन में उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिव्या शक्ति, सभी नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, स्वच्छता पदाधिकारी, मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कचरे के वैज्ञानिक प्रसंस्करण एवं सुरक्षित निस्तारण पर विशेष जोर देते हुए नगर निकायों को आवश्यक सुझाव दिए। नगर परिषद भभुआ के स्वच्छता पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली-2026 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कचरे का चार श्रेणियों–गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट–में पृथक्करण, स्रोत पर कचरा अलग करना, प्रदूषक भुगतान सिद्धांत, कचरा उत्पादकों एवं जनप्रतिनिधियों के वैधानिक दायित्व, लीगेसी वेस्ट प्रबंधन, मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी, बल्क वेस्ट जनरेटर, मोबाइल कोर्ट तथा विशेष प्रकोष्ठ जैसी व्यवस्थाएं नियमावली का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने वार्डों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जनता को जागरूक करने में प्रमुख प्रेरक की भूमिका सौंपी है। कार्यक्रम के अंत में नगर परिषद भभुआ के कार्यपालक पदाधिकारी संजय उपाध्याय ने सभी जनप्रतिनिधियों से नियमावली के प्रभावी अनुपालन में सहयोग की अपील करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## बसपा कार्यकर्ता मिशन मोड में आएं: संतोष कुमार

**लोकतंत्र की आवाज**



**भभुआ कैमूर-** बहुजन समाज पार्टी बिहार प्रदेश में संगठन विस्तार को नई गति मिल रही है। पार्टी के बिहार प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी सह पूर्व लोकसभा प्रत्याशी संतोष कुमार के नेतृत्व में कैमूर सहित कई जिलों में कार्यकर्ताओं की बैठक और समीक्षा का दौर तेज हुआ है। संतोष कुमार ने हाल में हुई बैठकों में कार्यकर्ताओं को निर्देश दिया कि बहुजन समाज के सम्मान के लिए बसपा को गांव-गांव तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर सक्रिय होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। वोट की सुरक्षा को अपने सम्मान, इज्जत और मजबूरी की तरह समझें। तभी आंदोलन सफल होगा। प्रदेश मुख्य जोन प्रभारी ने कहा कि जनता कांग्रेस और भाजपा दोनों से नाराज है। ऐसे में बसपा को जनता के सामने एक बेहतर और भरोसेमंद विकल्प के रूप में उभरना होगा। गरीब, दलित, शोषित और पिछड़े वर्गों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए संघर्ष तेज करना होगा। संतोष कुमार के निर्देश पर कैमूर जिले में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान चल रहा है। कार्यकर्ताओं को ₹शोषित से शासक₹ बनने की ललक पैदा करने और मिशन मोड में काम करने का आह्वान किया गया है।

# चैनपुर पहुंचे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं एम एलसी, श्री हरसू ब्रह्म धाम में किया पूजा अर्चना

**लोकतंत्र की आवाज**





**चैनपुर (कैमूर) ।** भाजपा के एम एलसी एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री संतोष कुमार सिंह ने अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत कैमूर जिला के चैनपुर पहुंचे। जहां कि उनके पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फ़ूल माला से स्वागत किया। इसके बाद एम एलसी ने चैनपुर स्थित श्री हरसू ब्रह्म धाम मंदिर में पहुंच कर माथा टेक पूजा अर्चना किया। जहां कि बाबा के चल रहे आरती एवं पूजन समारोह में शामिल होकर अपने मन को पवित्र किया। और इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 12 साल पूरा होने पर इसके सफ़ल नेतृत्व को और भी बेहतर बनाने के लिए श्री हरसू ब्रह्म धाम में पूजा-अर्चना कर प्रार्थना किया गया। और इसके अलावा उनके उत्तम स्वास्थ्य , दीर्घायु, राष्ट्रसेवा के लिए निरंतर उर्जा सामर्थ्य , यशस्वी नेतृत्व का कामना किया गया। पूर्व मंत्री संतोष कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी को मजबूती के साथ आगे आने का अपील किया गया। एम एलसी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि श्री हरसू ब्रह्म धाम विकसित हुआ है। लेकिन इसको और भी विकास करके विकसित मंदिर के रूप में शामिल किया जायेगा। उन्होंने श्री हरसू ब्रह्म धाम में हाई मास्टर लाईट लगाने का घोषणा किया। और कहा कि बाबा के साथ इनके विकास में कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा के महामंत्री राजू पटवा, मुखिया प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश पांडेय, रमेश देव त्रिपाठी, अशोक कुमार अग्रवाल उर्फ छुननुजी, धर्मदेव सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कैमूर : भभुआ प्रखंड में विधालय कर्मचारियों का संगठन मजबूत

**लोकतंत्र की आवाज**



**भभुआ कैमूर।** बिहार विद्यालय कर्मचारी संघ के जिला कैमूर की भभुआ प्रखंड कमेटी का गठन मंगलवार 10 जून 2026 को प्रखंड मुख्यालय के पीछे महावीर मंदिर के चबूतरे, चौतरा प्रांगण में आयोजित बैठक में किया गया। बैठक में प्रखंड स्तरीय चुनाव कर नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने की। उनके नेतृत्व में भभुआ प्रखंड की नई कमिटी का गठन हुआ। अरविंद कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, तुफानी सिंह को उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार को सचिव, राम लखन पाण्डेय कोषाध्यक्ष और चंदन विश्वकर्मा को सदस्य चुना गया।बैठक में सरकार से कर्मचारियों का भुगतान ऑनलाइन करने ,60 साल की उम्र तक नियमितिकरण करने,रात्रि पहरी कर्मियों के लिए सुरक्षा किट उपलब्ध कराने का मांग किया गया।जिला अध्यक्ष श्रीकांत कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को लेकर संघर्ष जारी रहेगा। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में प्रखंड के सभी विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### वन विभाग की कार्रवाई, अवैध कोयले से भरा वाहन जब्त



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/पीपलू। गुरुवार को वन विभाग की टीम ने अवैध कोयले के परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक वाहन को जब्त किया। यह कार्रवाई क्षेत्रीय वन अधिकारी के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार बरोनी थाना क्षेत्र से आगे वन विभाग की टीम ने एक संदिग्ध वाहन को रुकवाकर उसकी जांच की। जांच के दौरान वाहन में अवैध रूप से कोयले का परिवहन पाया गया। इसके बाद वन विभाग ने वाहन को जब्त कर रेंज कार्यालय परिसर में खड़ा करवाया तथा नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी ।कार्रवाई का नेतृत्व रेंजर अभिषेक भटनागर ने किया। इस दौरान वन नाका प्रभारी रामवतार, वन रक्षक आशीष चौधरी एवं जगदीश गुर्जर भी मौजूद रहे। वन विभाग ने अवैध वन उपज एवं कोयले के अवैध परिवहन के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही।

### उरई नगर पालिका परिषद में 'भ्रष्ट ई ओ और सभासदों' की खुली पोल

लोकतंत्र की आवाज
उरई (जालौन)। नगर पालिका परिषद उरई में सभासदों और अधिशासी अधिकारी (ईओ) के बीच चल रहा 'चढ़ा संग्राम' थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ सभासदों ने ईओ राम अचल कुरील के खिलाफ छह सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपकर जांच की मांग की है, तो वहीं दूसरी तरफ वायरल एक पत्र ने खुद को 'साफ सुथरा' बताने वाले सभासदों के 'ठेकेदार चरित्र' को बेनकाब कर दिया है। यह पत्र आते ही आम जनमानस की उंगली सभासदों की ओर उठ गई है। अब साफ हो गया है कि सभासदों की असली लड़ाई अपने भ्रष्टाचार को छुपाने की है। यदि गहराई से जांच की गई, तो इन सभासदों के पैरों के नीचे से जमीन खिसक जाएगी। और अगर सही से धरातलीय जांच की जाए तो बहुत बड़ा घोटाला और की गई धांधली भी निकल कर सामने आ जाएगी और सभी के सामने निकल कर आ जाएगी धांधली और भ्रष्टाचार का नकाब, दूध का दूध और पानी भी छनकर निकल आएगा वाह री योगी सरकार के अधिकारी व सभासद गढ़ कितने ईमान दार हैं कि करोड़ों के घोटाले कर रहे और अपने ऊपर छनना डाल कर बैठे कही से लीक न हो जाए वाह री उरई नगर पालिका, खूब कमाल किए ऑर हाथ झड़े बैठे वाह री नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी / कर्मचारी/ व सभासद कोई किसी से कम नहीं, खूब खाओ खूब कमाओ कोई कहे तो पहले धो कर आओ वाह री योगी वावा की सरकार कब चलेगा नगर पालिका के भ्रष्टाचार पर बाबा का बुलडोजर।

### गोष्ठी में संघ की नीतियों व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर चर्चा



लोकतंत्र की आवाज
जालौन। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जालौन नगर द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु मन्दिर में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामेन्द्र गुप्ता ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप शिवराम महाजन व विशिष्ट अतिथि के रूप अशोक कौशल उपस्थित रहकर संघ की नीतियों व लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर कार्यवाह रामेन्द्र गुप्ता ने कहा कि शताब्दी वर्ष में इस प्रकार की गोष्ठियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसके माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों को संघ की नीतियों व कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ आनन्द कुशवाहा ने गण गीत गाकर किया। इसके बाद पं. रूप नारायण शास्त्री द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ भारत माता का पूजन, पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य वक्ता संघ के जिला कार्यवाह गोरख त्रिवेदी, मुख्य अतिथि शिवराम महाजन, सह जिला संघचालक-लोकतंत्र रक्षक सेनानी तथा विशिष्ट अतिथि अशोक कौशल नगर संघचालक मुख्य वक्ता गौतम त्रिपाठी जिला कार्यवाह ने गोष्ठी में संघ के 100 वर्षों की यात्रा, सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए तथा संघ की विचारधारा व संघ के द्वारा किये जा रहे कार्यों पर विस्तार से चर्चा की तथा साथियों से संघ की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने की अपील की जिससे इस परिवार को और बढ़ा किया जा सके। कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र पाटकार श्मृदुलश, ने किया। कार्यक्रम का समापन वन्दे मातरम् श्याम किशोर जी दोहौलिया द्वारा गीत गाकर किया गया। इस मौके पर इं. स्वयं प्रकाश शुक्ला डा. अवध किशोर त्रिवेदी, डा. रामकृपाल पांचाल, सुशील कुमार वाजपेयी, डा. रंजना द्विवेदी, कंचन द्विवेदी, श्रीगोविन्द स्वर्णकार, रमाकांत पोरवाल, वास्पति मिश्र, विनय निगम, आशीष सोनी, धर्मेंद्र चौहान आदि रहे।

### पासरोटिया पंचायत में शोपीस बना डंपिंग यार्ड-लाखों की लागत पर फिरा पानी-खुले में हो रहा कचरे का संग्रहण



लोकतंत्र की आवाज
शिवराज बारवाल मीना
टोंक/पीपलू। पीपलू उपखंड क्षेत्र की पांसरोटियां ग्राम पंचायत में ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि लाखों रुपये की लागत से निर्मित डंपिंग यार्ड का उपयोग नहीं किया जा रहा है और इसके बजाय आबादी क्षेत्र के खुले स्थान पर कचरे का निस्तारण किया जा रहा है, जिससे गंदगी फैलने के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। आखिर क्यों बनाया गया डंपिंग यार्ड? ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब कचरे का निस्तारण निर्धारित डंपिंग यार्ड में नहीं करना था, तो फिर जनता के टैक्स के पैसे से इस पर लाखों रुपये खर्च करने का औचित्य क्या है? उनका कहना है कि डंपिंग यार्ड केवल शोपीस बनकर रह गया है, जबकि खुले क्षेत्र में कचरा डालने से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**वाहन चालक का दावा:** कचरा परिवहन वाहन चालक रमेश ने बताया कि "मैं तो मजदूर हूँ। जैसा ग्राम विकास अधिकारी ने कहा, वैसा ही करता हूँ। उन्होंने ही यहां कचरा निस्तारण करने के लिए कहा था।"

**ग्राम विकास अधिकारी का पक्ष:** वहीं ग्राम विकास अधिकारी बलराम जाखड़ ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा, "मैंने किसी को भी यहां कचरा निस्तारण के लिए नहीं कहा। आगे से कचरे का निस्तारण केवल निर्धारित डंपिंग सेंटर पर ही किया जाएगा।" ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा डंपिंग यार्ड का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने की मांग की है।

# राम मंदिर ट्रस्ट पर लड़े बड़े आरोप: 7 करोड़ की कथित चोरी के दावे पर बढ़ी सियासत, पूर्व लेखा प्रभारी के आरोपों से फिर गरमाया मामला

लोक तंत्र की आवाज



**लखनऊ।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। खुद को मंदिर का पूर्व लेखा प्रभारी बताने वाले महिपाल सिंह के नए आरोपों के बाद मामला फिर चर्चा में है। वहीं विपक्ष, संत समाज और भाजपा के कुछ नेताओं की ओर से भी जांच की मांग उठने लगी है। करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़े इस मुद्दे पर अब राजनीतिक और धार्मिक दोनों स्तरों पर बहस तेज हो गई है।

**पूर्व लेखा प्रभारी ने लगाए गंभीर आरोप:** महिपाल सिंह ने दावा किया है कि राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी कोई नई बात नहीं थी और यह लंबे समय से होती रही है। उनका कहना है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कथित अनियमितताओं की जानकारी ट्रस्ट के पदाधिकारियों को दी थी। महिपाल ने आरोप लगाया कि शिकायत करने के अगले ही दिन उन्हें पद से हटा दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि पुराने सीसीटीवी फुटेज हटाए जाने और वित्तीय रिकॉर्ड में पारदर्शिता की कमी को लेकर उन्होंने सवाल उठाए थे।

**चंपत राय पर भी उठे सवाल:** महिपाल सिंह ने राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय पर व्यवस्थाओं में मनमानी करने का आरोप लगाया है। उनका दावा है कि चढ़ावे में मिलने वाले सोने—चांदी और अन्य बहुमूल्य वस्तुओं का पूरा रिकॉर्ड सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं था। हालांकि इन आरोपों पर ट्रस्ट की ओर से पहले ही सफाई दी जा चुकी है कि चढ़ावे और दान की प्रि्रया निर्धारित नियमों के तहत संचालित होती है और किसी भी तरह की चोरी की पुष्टि नहीं हुई है।

**शंकराचार्य के बयान से बढ़ा विवाद:** ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने भी इस मामले को लेकर तीखी प्रति्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर से जुड़े मामलों में पहले भी कई आरोप सामने आ चुके हैं और यदि कोई शिकायत उठी है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनके बयान के बाद यह मुद्दा धार्मिक और राजनीतिक दोनों मंचों पर चर्चा का विषय बन गया है।

**भाजपा नेताओं ने भी मांगी जांच:** राम मंदिर आंदोलन से जुड़े वरिष्ठ भाजपा नेता विनय कटियार ने कहा कि जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं, उनकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मामला करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है, इसलिए पारदर्शिता बेहद जरूरी है। वहीं भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर मामले की जांच केंद्रीय एजेंसियों से कराने की मांग की है ताकि सभी संदेह दूर हो सकें।

**विपक्ष ने सरकार से मांगा जवाब:** समाजवादी पार्टी के नेता पवन पांडेय ने सबसे पहले चढ़ावे में करोड़ों रुपये की कथित हेराफेरी का मुद्दा उठाया था। इसके बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भी मामले पर सवाल खड़े किए। विपक्ष का कहना है कि यदि आरोप गलत हैं तो जांच के जरिए सच्चाई सामने लाई जानी चाहिए। वहीं भाजपा नेताओं ने विपक्ष पर राजनीतिक लाभ के लिए मुद्दे को उछालने का आरोप लगाया है।

**ट्रस्ट ने बताई चढ़ावे की प्रक्रिया :** राम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार मंदिर में आने वाले दान और चढ़ावे की गिनती बैंक कर्मचारियों की मौजूदगी में सीसीटीवी निगरानी के तहत की जाती है। राशि को पहले सुरक्षित लॉकर में रखा जाता है और बाद में बैंक खाते में जमा कराया जाता है। ट्रस्ट का कहना है कि पूरी प्रक्रिया का ऑडिट भी नियमित रूप से किया जाता है और वित्तीय व्यवस्था पारदर्शी है।

## टोंक में नए कार्यवाहक एसडीएम की जनसुनवाई में फूटा जनता का गुबार-3 बड़े मुद्दों पर 'जल्द' कार्रवाई का आश्वासन

लोकतंत्र की आवाज

शिवराज बारवाल मीना
**टोंक।** गुरुवार को आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में नए कार्यवाहक उपखंड अधिकारी (एसडीएम) के समक्ष अविनाश गहलोत फाउंडेशन के जिला प्रभारी कमलेश सैनी उर्फ ठाकर सोलंकी सामाजिक कार्यकर्ता ने एक साथ तीन महत्वपूर्ण जनसमस्याएं उठाईं। एसडीएम ने तीनों मामलों में त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया। तीनों मुद्दों में सावित्रीबाई फुले सब्जी मंडी में पेयजल संकट पुराना बस स्टैंड घंटाघर स्थित सब्जी मंडी में भीषण गर्मी के बीच 1500 से अधिक महिला सब्जी विक्रेता दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।

कमलेश सैनी ने बताया कि 3 जून को एडीएम एवं आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया था तथा 181 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद 10 जून को आयुक्त द्वारा टेंडर जारी करने का लिखित आश्वासन दिया गया। उन्होंने मांग की कि प्रस्तावित प्याऊ का नामकरण भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम पर किया जाए, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले और यह हजारों महिलाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बने। साथ ही 18 जून तक सेवा शिविर के दौरान टेंडर जारी करने की मांग भी रखी गई। दूसरा मुद्दा पीएम किसान सम्मान निधी योजना में राजस्व विभाग की त्रुटि की वजह वार्ड नंबर 2 बैकुंठ धाम निवासी किसान कमलेश सैनी पुत्र लड्डूराम की पीएम किसान सम्मान निधि की किस्तें अगस्त 2024 से बंद हैं। पोर्टल पर उन्हें "फॉर्मर गोट लैंड लेस" दर्शाया जा रहा है, जबकि उनके नाम खाता संख्या 555 में कृषि भूमि दर्ज है। पटवारी द्वारा 30 अप्रैल 2026 को पात्रता प्रमाणित किए जाने तथा लैंड सीडिंग एवं ई केवाईसी पूर्ण होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसके साथ ही तीसरा मुद्दा आजादी के 79 वर्ष बाद भी वार्ड 10 में पेयजल संकट नगर परिषद में शामिल हुए 31 वर्ष बीत जाने के बाद भी वार्ड 10 के कई क्षेत्रों में बिसलपुर पेयजल लाइन नहीं पहुंची है। पांच कुआं स्थित तंवरों का कुआं, सोलंगपुरा चौराहा स्थित मस्याणियों का कुआं, नगर परिषद पंप से बनास रोड स्थित रेगर-माली समाज के घरों तथा गौतम छात्रावास महादेवाली से बैकुंठ धाम रोड तक कई बस्तियां आज भी नियमित पेयजल सुविधा से वंचित हैं।

**एसडीएम ने दिया जल्द कार्रवाई का भरोसा:** जनसुनवाई के दौरान तीनों आवेदन दर्ज कर रसीद संख्या 14, 15 और 16 जारी की गईं। कार्यवाहक एसडीएम ने सभी मामलों में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।कमलेश सैनी ने कहा कि नए एसडीएम ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना है और सेवा शिविर के दौरान ही इन लंबित मामलों के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

## झारखंड आंदोलनकारी नेता के माता की पुण्यतिथि में सैकड़ों बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक का वितरण



**लोकतंत्र की आवाज**
**ब्यूरोचीफ हजारीबाग (झारखंड)।** झारखंड आंदोलनकारी नेता चंद्रनाथ भाई पटेल की माता की पुण्यतिथि बच्चों के मनाई गई इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए झारखण्ड आन्दोलनकारी नेता चन्द्रनाथ भाई पटेल ने कहा मेरी माता का शिक्षा के प्रति प्रेम था और लोगों को शिक्षा के प्रति जाग्रत करती थी उन्होंने कहा आज शिक्षा का बहुत ही महत्व है मानव जीवन मे शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है, शिक्षा एक अनमोल धन है । उनके पुण्यतिथि पर छात्र-छात्राओं के बीच चंद्रनाथ भाई पटेल ने सैकड़ों बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तकों की वितरण किया इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का मे सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल नीतू नीतू कुमारी यशोदा देवी यशोदा देवी बसंत कुमार सहित कई लोगों में अपने विचार रखें इस अवसर पर 2 मिनट के लिए मौन भी रखा गया संचालन अजीत कुमार के द्वारा किया गया ।

## कुठौंद : शेरगढ़ घाट यमुना नदी के किनारे मिला अज्ञात युवती का शव, क्षेत्र में फैली सनसनी'

लोकतंत्र की आवाज





**कुठौंद (जालौन)।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर चौकी क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया, जब यमुना नदी के किनारे एक अज्ञात युवती का शव पानी में तैरता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

**सुबह-सुबह मिली सूचना से मचा हड़कंप :** प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह लगभग 7:00 बजे शंकरपुर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सनगढ़ के पास यमुना नदी के बालू घाट के किनारे एक युवती का शव बहकर आया है। घटना की सूचना जैसे ही प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे को मिली, उन्होंने तत्काल शंकरपुर पुलिस चौकी पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए और स्वयं भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को नदी से निकलवाया । मौके पर क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेंद्र कुमार बाजपेई तथा प्रभारी निरीक्षक जगदंबा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी शंकरपुर रामबीर सिंह तथा हमराही हरिओम,हर्षित प्रताप सिंह धर्मेंद कमार सहित अन्य कर्मचारी मौजद रहे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया। हाल ही पहचान की कोशिश की मृतक युवती की उम्र लगभग 22 वर्ष बताई जा रही है। युवती के पहनावे और हुलिए के आधार पर पुलिस उसकी पहचान सुनिश्चित करने में जुटी है।

युवती ने नीले आसमानी रंग की जींस और सफेद डिजाइन वाली काली कुती पहन रखी थी। उसके पैरों में गेरुआ रंग की चप्पलें थीं। प्रथम दृष्टया शव कुछ समय पुराना प्रतीत हो रहा है, जो नदी के बहाव के साथ बहकर यहां पहुंचा है। पोस्टमार्टमा के लिए भेजा गया शव पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

पुलिस आसपास के जनपदों एवं थानों में भी युवती की शिनाख्त के लिए सूचना प्रसारित कर रही है। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। और यह पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## कोटरा के हिलगिना आकाशीय बिजली गिरने से युवक की मौत, जालौन में एक घायल, भैंस और तीन बकरियों की मौत

लोक तंत्र की आवाज



**उरई।** जालौन में गुरुवार शाम तेज आंधी और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। इस घटना में एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि एक भैंस और तीन बकरियों की भी जान चली गई। यह घटना थाना कोटरा क्षेत्र के मौजा हिलगना में हुई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार शाम करीब पांच बजे शानू पठान पुत्र वहीद पठान और गोविंद दास यादव पुत्र गोपाल यादव, जो कस्बा कोटरा के निवासी हैं, खेत में बनी एक झोपड़ी के नीचे बैठे थे। इसी दौरान अचानक झोपड़ी के पास आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए

बिजली गिरने से झोपड़ी में बंधी एक भैंस और तीन बकरियों की मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल दोनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने गोविंद दास यादव की गंभीर हालत देखते हुए उपचार शुरू किया, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। शानू पठान का उपचार जारी है और उनकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है

घटना की सूचना मिलते ही उपजिलाधिकारी सदर ज्योति सिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचीं। उन्होंने घायल युवक के उपचार की जानकारी ली और चिकित्सकों को इलाज में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने तथा बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसडीएम ने पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता का आश्वासन भी दिया

एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि इस घटना को दैवीय आपदा की श्रेणी में दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों को शासन द्वारा निर्धारित आर्थिक सहायता दिलाने और पशुहानि का आकलन कर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है।

## 25 जून को होने वाले कीर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के भव्य रंगीन पोस्टर का हुआ विमोचन

लोकतंत्र की आवाज



शिवराज बारवाल मीना
**टोंक।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर 25 जून 2026 को माण्डकलां (नगरफोर्ट) स्थित श्रीहरि सद्गुरु कालू बाबा मंदिर परिसर में आयोजित होने वाले कीर, कहार, केवट समाज के ऐतिहासिक एवं भव्य चतुर्थ सामूहिक विवाह सम्मेलन के प्रचार-प्रसार हेतु बड़े रंगीन पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति के महामंत्री एवं प्रवक्ता डॉ. नरेन्द्र मेहरा (एडवोकेट) ने बताया कि माण्डकलां नगरफोर्ट के पवित्र सरोवर के तट पर स्थित श्रीहरि सद्गुरु कालू बाबा मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा (चेयरमैन), सम्मेलन अध्यक्ष सायरलाल कीर, संयोजक किशन लाल कहार (व्याख्याता) एवं समिति के पदाधिकारियों ने पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए ₹51,000 का अनुदान प्रदान करने वाले महर्षि कश्यप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दूनी के संस्थापक मोतीलाल मेहरा (चेयरमैन) तथा पंचायत समिति खैराबाद के कनिष्ठ सहायक सुरेश कुमार कहार का समिति की ओर से माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया ।कार्यक्रम में प्रदेश संरक्षक मोतीलाल मेहरा, सम्मेलन अध्यक्ष सायरलाल मंगरियाव, संयोजक किशन लाल कहार, सचिव सुरेश कुमार कहार, कन्हैयालाल समरवाल, सत्यनारायण सेठी, श्रीलाल कीर, मोहनलाल, हेमराज, गणपत, शिवराज फौजी, कालूराम, रामदेव मंगरियाव, हरिराम महाराज, सोराज, प्रभूलाल, ग्यारसीलाल, घासीलाल, बनवारी, छोटू, बजरंग, राजूलाल, नाथूलाल, गोपाल भगत, नीमलाल, चोथमल, महावीर, प्रकाश, पप्पूलाल, भरत, विनोद सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। सम्मेलन समिति ने समाज के सभी लोगों से अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## जालौन पुलिस की सक्रियता से खोए हुए 5 वर्षीय किशोर को ढूंढ निकला परिजनों को सौंपा

लोकतंत्र की आवाज




**जालौन।** जालौन कोतवाली पुलिस ने गुरुवार को संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए एक खोए हुए पांच वर्षीय मासूम बच्चे को सकुशल उसके परिजनों से मिलाने का कार्य किया। बच्चे के सुरक्षित मिलने से परिवार में खुशी का माहौल है। गुरुवार सुबह ग्राम छानी निवासी सौरभ और विकास को एक छोटा बच्चा अकेला घूमता हुआ मिला। दोनों युवकों ने जिम्मेदारी और मानवता का परिचय देते हुए बच्चे को सुरक्षित जालौन कोतवाली पहुंचाया और पुलिस को इसकी सूचना दी।

पूछताछ के दौरान बच्चे ने अपना नाम ऋषि राज पुत्र विनय गुप्ता, उम्र लगभग 5 वर्ष, निवासी मोहल्ला नया भवानीराम, लोना रोड, जालौन बताया। इसके बाद जालौन कोतवाली पुलिस ने स्त्रियता दिखाते हुए बच्चे के परिजनों का पता लगाया और उन्हें कोतवाली बुलाकर मासूम को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। अपने लाडले को सुरक्षित पाकर परिजनों की आंखें खुशी से नम हो गईं। उन्होंने जालौन पुलिस के साथ—साथ बच्चे को सुरक्षित कोतवाली पहुंचाने वाले सौरभ और विकास का आभार व्यक्त किया।

## प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज





शिवराज बारवाल मीना
**टोंक।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की किशोरियों के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है।इस अभियान का उद्देश्य बालिकाओं को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) टोंक डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस अभियान का शुभारंभ 28 फरवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राजस्थान के अजमेर से किया गया। इसी क्रम में जिला स्तरीय शुभारंभ यूपीएचसी, हाउसिंग बोर्ड टोंक में आयोजित हुआ। साथ ही जिला सआदत अस्पताल, उप जिला अस्पताल निवाई तथा सीएचसी झिलाय में भी टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। जिला स्तरीय कार्यक्त्रम में सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. जितेंद्र शर्मा, आरसीएचओ डॉ. गोपाल जांगिड़, डीपीसी टिंकू रॉय, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. अभिषेक छारोडीया, ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर मोहम्मद शरजील खान,

**■ माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राज्य के अजमेर से किया गया था शुभारंभ**

नर्सिंग ऑफिसर हेमंत शर्मा, समीक्षा जैन, रेखा यादव, शिमला चौधरी, शबाना, मंजू चौधरी, नीतू चौधरी, नसरीन बानो एवं खुशबू गुर्जर सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे। अभियान के अंतर्गत 14 से 15 वर्ष की पात्र बालिकाओं को निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी।

जिले में यह वैक्सीन जिला अस्पताल, उप जिला अस्पताल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध रहेगी। सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है और समय पर टीकाकरण से इस गंभीर बीमारी की रोकथाम संभव है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं तथा इस महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य अभियान में स्त्रियरय सहभागिता निभाएं। अधिक जानकारी के लिए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र, एएनएम या आंगनबाड़ी केंद्र पर नियुक्त आशा सहयोगिनी से संपर्क किया जा सकता है।

लोकतंत्र की आवाज स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजिटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।